P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, सोमवार 23 फरवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 101

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com

dainikindoresanket

dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

**एसआईआर : 34.25 लाख के नाम कटे**



पेज-2

**संन्यास पर विचार कर रहे हैं नेमार**



पेज-5

**भाजपा से हम ना डरें हैं, ना हम डिगे हैं- यादव**



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज से, वित्त मंत्री पेश करेंगे आर्थिक सर्वे
- एआई समिट प्रोटेस्ट में 5वीं गिरफ्तारी, ग्वालियर से पकड़ा गया जितेंद्र यादव
- 'बेटियां सबकी, जाति-मजहब के नाम पर नहीं किया भेदभाव', सिंगापुर दौरे के बीच योगी की पाती
- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज हुई एफआईआर मामले में शुरू की जांच
- झारखंड निकाय चुनाव : 48 शहरों में मतदान शुरू
- नदी में गिरी काठमांडू जा रही बस, 6 महिलाओं समेत 17 की मौत
- जबलपुर में नेशनल हाईवे 45 पर गिरा रेलवे ओवरब्रिज का एक हिस्सा
- हैदराबाद: काचीगुड़ा में सिलेंडर से हुआ धमाका, मकान ध्वस्त
- मलेशिया के सबाह तट के पास 7.1 तीव्रता का भूकंप
- कठुआ में भारत-पाक सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन दिखा, सर्च ऑपरेशन शुरू
- मेक्सिको में हिंसा, भारत ने भी जारी की एडवाइजरी, नागरिकों को दी नहीं जाने की सलाह

# विधायक गोलू के सवाल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने माना कान्ह किनारे निर्माण अवैध, चलेगा बुलडोजर?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● इंदौर विधानसभा तीन के विधायक गोलू शुक्ला ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल किए। इन सवालों में शासकीय भूमि, कान्ह नदी किनारे कारखानों और आईडीए स्कीम से जुड़े मुद्दे उठाए गए। विधायक गोलू शुक्ला ने शासकीय भूमि और क्षेत्रीय कारखानों को लेकर सवाल उठाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब दिया कि इन क्षेत्रों में व्यावसायिक नक्शे पास नहीं हुए। चंपाबाग क्षेत्र को आईडीए स्कीम में लिया गया है। इन सवालों से साउथ तोड़ा, चंपाबाग, दौलतगंज, कबूतरखाना के क्षेत्रों में चिंताएं पैदा हो सकती हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इन क्षेत्रों में अल्पसंख्यक आबादी है जो बीजेपी के पारंपरिक मतदाता नहीं हैं। इंदौर की सबसे छोटी विधानसभा इंदौर तीन के विधायक राकेश यानी गोलू शुक्ला के सवाल ने कान्ह नदी के किनारे वालों के लिए मुश्किलें बड़ा दी है। उनके सवालों पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा में माना कि कान्ह नदी के किनारे के निर्माण के नक्शे पास नहीं है। यानी यह अवैध है।



### क्यों पूछा गोलू ने यह सवाल

अब बात उठ रही है कि गोलू शुक्ला ने आखिर यह सवाल क्यों पूछे हैं। इससे इन एरिया में काम करने वाले, नक्शा पास कराने वाले कई लोगों के लिए आफत का विषय उठ सकता है। वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यहां अधिकांश अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी है, जो सामान्य रूप से बीजेपी के मतदाता नहीं है। ऐसे में आने वाले समय में इस जवाब के आधार पर कार्रवाई की बात उठ सकती है। इसके पहले इस विधानसभा से सीपी शेखर बस्ती को हटाया गया था। इसके बाद यहां बीजेपी लगातार जीत रही है। यह विधानसभा इंदौर की सबसे छोटी विधानसभा है जिसमें 1.55 लाख मतदाता है।

### तो क्या चलेगा बुलडोजर

ऐसे में सवाल उठता है कि जब विधानसभा पटल पर ही आ गया है कि यह एरिया और निर्माण अवैध है तो क्या इन सभी पर ताले लगेंगे। साथ ही क्या नगर निगम बुलडोजर चलाकर इन्हें हटाने की कार्रवाई करेगा। ऐसा हुआ तो एक बड़ी आबादी प्रभावित होगी। यानी बीजेपी को वोट नहीं देने वाली आबादी छंट सकती है।

पर्यावरण आधार पर ही एनजीटी का आदेश है और यह निर्माण अवैध है, वहीं राजनीतिक मामला भी सत्तादल के पक्ष में जाता है। अब यह देखने की बात है कि बात केवल सवाल और जवाब तक रहती है या फिर विधायक गोलू इस मामले को आगे तक ले जाते हैं और निगम और नगरीय प्रशासन विभाग इस दिशा में आगे बढ़ता है। कान्ह नदी की सफाई का मुद्दा इंदौर में सालों से चल रहा है। साथ ही सिहंस्थ को देखते हुए भी कान्ह की सफाई बड़ा मुद्दा है और प्राथमकिता में हैं, क्योंकि यह आगे जाकर क्षिप्रा में मिलती है।

### विधायक गोलू के सवाल, मंत्री के जवाब

**सवाल-** क्या विधासनभा 206 (इंदौर तीन) में साउथ तोड़ा शासकीय जमीन पर बसा है, यहां कितने लोगों को पट्टे मिले हैं।

**मंत्री विजयवर्गीय-** यह सर्वे नंबर 355/2 जो 31.421 हेक्टेयर पर है जो शासकीय भूमि है। साल 1998 में 60 लोगों को पट्टे दिए गए थे, जो 30 साल की अवधि के लिए थे।

**सवाल-** क्या चंपाबाग एरिया को आईडीए की स्कीम में लिया गया है।

**मंत्री विजयवर्गीय-** हां आईडीए की स्कीम 46 में इसे लिया गया है

**सवाल-** क्या साउथतोड़ा, चंपाबाग, दौलतगंज, कबूतरखाना में कान्ह नदी किनारे कारखाने वैध रूप से संचालित है

**मंत्री विजयवर्गीय-** इन जगह पर निगम द्वारा कारखाने के लिए भवन निर्माण की मंजूरी नहीं दी गई है।

**सवाल-** एनजीटी के तहत 90 मीटर के दायरे नियम में निगम द्वारा कितने व्यावसायिक नक्शे पास किए हैं

**मंत्री विजयवर्गीय-** एनजीटी के 30 मई 2017 के नियम के तहत नदी से 33 मीटर दायरे में नक्शा पास नहीं हो सकता है। निगम द्वारा व्यावसायिक नक्शे पास नहीं किए गए हैं।

# प्राणी संग्रहालय में अब मनोरंजन और रोमांच का नया अध्याय जुड़ेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सौंदर्याकरण और आधुनिकीकरण प्रोजेक्ट के अंतिम चरण में पहुंच चुके चिड़ियाघर में अत्याधुनिक 14डी जंगल सफारी थिएटर तैयार किया जा रहा है। यदि सब कुछ तय समय पर हुआ, तो जल्द शहरवासियों को जंगल के असली माहौल का डिजिटल लेकिन जीवंत अनुभव मिल सकेगा। यह कोई साधारण थिएटर नहीं होगा। यहां दर्शक सिर्फ स्क्रीन पर जंगल नहीं देखेंगे, बल्कि उसे महसूस भी करेंगे। जैसे ही फिल्म में शेर दहाड़ेगा, चारों ओर गूंजती ध्वनि दर्शकों को चौंका देगी। घने जंगल में दौड़ते जानवरों के दृश्य के साथ सीटों में हलचल होगी, तेज हवा के झोंकों और हल्के कंपन से रोमांच और बढ़ जाएगा।

पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा

विशेष तकनीक के जरिए दृश्य, ध्वनि और शारीरिक प्रभावों का ऐसा संयोजन किया जा रहा है कि दर्शक खुद को कहानी का हिस्सा समझने लगेंगे। यही 14डी तकनीक की सबसे बड़ी खासियत है। यह परियोजना पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित की जा रही है। शुरू होने के बाद यह मध्यप्रदेश का पहला 14डी जंगल सफारी थिएटर होगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे न केवल चिड़ियाघर की लोकप्रियता बढ़ेगी,







बल्कि इंदौर के पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। इंदौर पहले ही स्वच्छता और शहरी विकास के क्षेत्र में देशभर में पहचान बना चुका है। अब आधुनिक मनोरंजन सुविधाओं के जरिए शहर एक और उपलब्धि जोड़ने की ओर अग्रसर है। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार, 14डी का अर्थ है 14 अलग-अलग अनुभवात्मक फीचर्स का संयोजन। इसमें दृश्य और ध्वनि के साथ-साथ सीट मूवमेंट, हवा के झोंके, कंपन और अन्य प्रभाव शामिल होते हैं। इसका मकसद दर्शकों को ऐसा अनुभव देना है, मानो वे स्क्रीन पर चल रही कहानी का सक्रिय हिस्सा हों। यदि योजना के अनुसार शुरुआत होती है, तो कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का यह 14डी जंगल सफारी थिएटर न केवल इंदौर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए एक अनोखा आकर्षण साबित होगा-जहां जंगल सिर्फ दिखेगा नहीं, बल्कि हर धड़कन के साथ महसूस भी होगा।

### 40 दर्शकों की क्षमता, गोरिल्ला गेट बनेगा सेल्फी पॉइंट

हर शो में लगभग 40 दर्शक एक साथ इस डिजिटल जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। थिएटर का प्रवेश द्वार विशाल गोरिल्ला की प्रतिकृति के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो आगंतुकों के लिए खास आकर्षण और लोकप्रिय फोटो स्पॉट बनने की संभावना है। प्रबंधन का मानना है कि यह नया आकर्षण परिवारों, स्कूली बच्चों और युवाओं के लिए विशेष रूप से पसंदीदा साबित होगा।

**हाई-टेक फीचर्स से मिलेगा बहुआयामी अनुभव :** थिएटर में लगाए जा रहे प्रमुख फीचर्स में शामिल हैं-एडवांस विजुअल इफेक्ट्स और हाई-रेजोल्यूशन स्क्रीन। मोशन-आधारित चलायमान सीटें। सराउंड साउंड सिस्टम। हवा और कंपन जैसे विशेष फिजिकल इफेक्ट्स। इन सबका उद्देश्य दर्शकों को पारंपरिक 2डी और 3डी अनुभव से आगे ले जाकर बहुआयामी (मल्टी-सेंसरी) रोमांच देना है।

# बीआरटीएस रैलिंग उखाड़ने व 16 बस स्टैंड तोड़ने हेतु 15 टेंडर जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के बहुचर्चित और लंबे समय से विवादों में रहे बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने की प्रक्रिया एक बार फिर तेज होती नजर आ रही है। नगर निगम द्वारा रैलिंग उखाड़ने और 16 बस स्टैंड तोड़ने के लिए बुलाए गए नए टेंडर में कुल 15 निविदाएं प्राप्त हुई हैं। निगम प्रशासन अब इन टेंडरों की तकनीकी और वित्तीय जांच कर अगले सप्ताह अंतिम चयन करेगा। निगम ने बस स्टॉप तोड़ने, उससे निकलने वाले मलबे की बिक्री, रैलिंग और बीम हटाने जैसे कार्यों को अलग-अलग पैकेज में शामिल करते हुए टेंडर आमंत्रित किए थे। इस बार प्रतिस्पर्धा अपेक्षाकृत बेहतर रही।

### 4 से 5 बार टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है

एक बस स्टॉप को तोड़ने के एवज में 6 लाख 10 हजार रुपए की सर्वाधिक बोली प्राप्त हुई है। यह बोली एनर्जी इंजीनियरिंग नामक फर्म द्वारा लगाई गई है। खास बात यह है कि रैलिंग उखाड़ने के लिए प्राप्त 5 टेंडरों में भी इसी फर्म ने सबसे ऊंची राशि की पेशकश की है, जिससे उसके चयन की संभावना प्रबल मानी जा रही है। नीरंजनपुर से राजीव गांधी चौराहा तक लगभग साढ़े 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस कॉरिडोर को पहले मुख्यमंत्री की घोषणा और बाद में जबलपुर हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद नगर निगम ने कॉरिडोर हटाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन यह कार्य आसान साबित नहीं हुआ। अब तक 4 से 5 बार टेंडर प्रक्रिया दोहरानी पड़ी। एक बार तो चयनित ठेकेदार एजेंसी बीच में ही काम छोड़कर चली गई, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए। वहीं न्यायालय से भी निगम को लगातार फटकार का सामना करना पड़ा। तकनीकी जटिलताओं, वित्तीय गणना और ठेकेदारों की अनिच्छा के कारण काम अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका।



### सेंट्रल डिवाइडर निर्माण भी जारी

*बीआरटीएस हटाने के साथ-साथ मार्ग के पुनर्सरचना कार्य भी प्रारंभ कर दिए गए हैं। जनकार्य समिति प्रभारी राजेन्द्र राठौर के अनुसार एलआईजी से नवलखा तक प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर के मद्देनजर उस हिस्से को छोडकर शेष मार्ग पर सेंट्रल डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। इस कार्य के लिए दो ठेकेदार एजेंसियों का चयन कर निर्माण शुरू करवा दिया गया है। अब नगर निगम के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती प्राप्त टेंडरों का पारदर्शी और शीघ्र अनुमोदन है। यदि इस बार प्रक्रिया बिना विवाद के पूरी हो जाती है, तो लंबे समय से अटकी बीआरटीएस हटाने की कार्रवाई रफ्तार पकड़ सकती है। शहरवासियों की नजरें भी निगम की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं, क्योंकि यह परियोजना यातायात व्यवस्था और शहर के स्वरूप से सीधे जुड़ी हुई है।*

# तो ये है हेमंत कटारे के इस्तीफा देने की असली वजह !

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने अचानक अपने पद से इस्तीफा क्यों दिया? इस सवाल का जवाब हर कोई तलाश रहा है। राजनीतिक तुक्कबाजी भी खूब हो रही है, मगर ह्लद्धद्गह्यश्चह्लह्न आपको इसकी असली वजह बताएगा। कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इस्तीफे में लिखा कि वे परिवार और क्षेत्र की जनता को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे थे, इस कारण उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़ने का निर्णय लिया है।

कटारे ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे पत्र में लिखा कि वे पार्टी के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और जिस भी व्यक्ति को इस पद की जिम्मेदारी दी जाएगी, वे पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने (हेमंत कटारे का इस्तीफा) कहा कि पार्टी ने उन्हें इस पद के लिए चुना, इसके लिए वे आभारी रहेंगे।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शाम करीब 7 बजे कटारे के इस्तीफे की पुष्टि की और एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। इसमें बताया गया कि कटारे ने यह इस्तीफा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को सौंपा है। कांग्रेस के संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने स्पष्ट किया कि कटारे ने इस्तीफे में पारिवारिक जिम्मेदारियों और समय की कमी का उल्लेख किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस्तीफा केवल पद से संबंधित है, न कि पार्टी की सदस्यता से।





कटारे कांग्रेस के साथ बने रहेंगे। इस्तीफे की स्वीकृति का निर्णय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के विवेकाधिकार पर निर्भर करेगा।

दरअसल, शुक्रवार को विधानसभा में गहमागहमी का माहौल था। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विधानसभा में नहीं थे। इसी दौरान विस अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव पर बोलने वाले विपक्ष के विधायकों के नाम मांग लिए।

मिली जानकारी के अनुसार, ऐसे में मौके पर मौजूद उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने 16 विधायकों के नाम की सूची दे दी। उसी दौरान उमंग सिंघार विधानसभा पहुंचे तो वे इस पर उखड़ गए और सूची को काट दिया। स्वभाविक है कि इससे हेमंत कटारे को अपमान महसूस हुआ और उन्होंने उपनेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। कटारे ने शुक्रवार को विधानसभा से बाहर निकलते समय बीजेपी विधायक भगवानदास सबनानी से मजाक करते हुए कहा था, 'भाईसाहब, मुझे भी साथ ले चलिए।' सबनानी ने इसे केवल एक मजाक बताया और कहा कि वह नहीं जानते कि कटारे बाद में कहां गए। इस्तीफे के बाद हेमंत कटारे ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने कुछ अहम बातें कही हैं। हेमंत कटारे ने लिखा, 'कांग्रेस मेरे स्वर्गीय पिताजी की विरासत है! और हां, मेरे फोन न उठाने पर कृपया ज्यादा कयास न लगाएं। शादी की सालगिरह पर परिवार के साथ समय बिताना कोई राजनीतिक साजिश नहीं, बल्कि मेरा अधिकार है। कभी-कभी नेता भी इंसान होते हैं। अब सुन लो भाजपाइयों, ज्यादा खुशफहमी पालने की जरूरत नहीं है। सोमवार से सदन में पूरी तैयारी और ताकत के साथ रहूंगा और हमेशा की तरह आपको धोने का काम करूंगा।'

### देर रात तक चली बैठक, नहीं निकला नतीजा

अधिकृत सूत्रों के मुताबिक, मामले को लेकर उमंग सिंघार और हेमंत कटारे के बीच देर रात करीब एक घंटे तक बैठक हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों के बीच के विवाद का हल नहीं निकल पाया है।

### कांग्रेस में जारी है सुपीरियरिटी कॉम्प्लेक्स

एमपी कांग्रेस और उसके बड़े नेताओं के बीच खुद को बड़ा साबित करने की होड़ आए दिन उजागर होती रहती है। यही हाल हेमंत कटारे और उमंग सिंघार बीच भी रहा है। कई बार ऐसे अवसर आए, जब हेमंत कटारे को नीचा दिखाने की कोशिशें हुई हैं। इससे पहले मुकेश नायक का विवाद हुआ था।

### सिंघार ने कहा- हम समझेंगे, कोई बात नहीं

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कटारे के इस्तीफे पर कहा कि यह हमारे लिए अप्रत्याशित था। वे परिवार से संबंधित हैं, इसलिए हम कारण जानने के बाद इसे समझेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या कटारे बीजेपी में शामिल हो रहे हैं, तो सिंघार ने इसे नकारते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है।

# गौतमपुरा : दिनदहाड़े लापता हुई किशोरी 5 घंटे में बरामद, सुरक्षा और नशे की बिक्री पर उठे सवाल

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
गौतमपुरा नगर में बीते दिनों दोपहर एक नाबालिग छात्रा के अचानक गायब होने की सनसनीखेज घटना सामने आई। हालांकि, पुलिस की मुस्तैदी से छात्रा को 5 घंटे के भीतर नागदा से सुरक्षित बरामद कर लिया गया, लेकिन इस घटना ने शहर में नाबालिगों को बिक रहे नशे और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, छात्रा शनिवार दोपहर करीब 2:00 बजे घर से कोचिंग के लिए रवाना हुई थी। कोचिंग पहुँचने के बाद वह बाहर आई और पास के एक ब्यूटी पार्लर जाकर बाल कटवाए और कपड़े बदले। इसके बाद वह बस स्टैंड पहुँची और 'बेगम बस' में सवार होकर नागदा निकल गई।

जब छात्रा कोचिंग नहीं पहुँची, तो शिक्षक कुमावत ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस तुरंत सक्रिय हुई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

थाना प्रभारी अलका मेनिया के नेतृत्व में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और बस स्टैंड पर पूछताछ की।



**सुराग:** फुटेज में छात्रा बस में सवार होती दिखी।

**शिनाख्त:** बस चालक ने छात्रा के नागदा में उतरने की पुष्टि की।

**बरामदगी:** नागदा पुलिस के सहयोग से छात्रा को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया और देर रात गौतमपुरा लाकर परिजनों को सौंपा गया। पूछताछ में सामने आया कि छात्रा घर वालों से नाराज होकर गई थी।

### नाबालिग को सिगरेट बेचने पर आक्रोश

जांच के दौरान एक चिंताजनक फुटेज सामने आया, जिसमें छात्रा घर के पास की एक भावसार की किराना दुकान से सिगरेट खरीदते हुए दिखाई दे रही है। इस पर नगरवासियों ने कड़ी नाराजगी जताई है: स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि आखिर दुकानदार ने एक नाबालिग को सिगरेट क्यों बेची?

लोगों का कहना है कि स्कूलों और कोचिंग संस्थानों के पास खुलेआम तंबाकू उत्पादों की बिक्री बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल रही है प्रशासन से ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने ओर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

> 'सूचना मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। बस चालक और एजेंटों की मदद से छात्रा को नागदा से बरामद कर लिया गया है। नाबालिगों को बीड़ी, सिगरेट या तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध अब विशेष अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।'
>
> — अलका मेनिया, थाना प्रभारी, गौतमपुरा

# प्रदेश में प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले थे 5,74,06,143 मतदाता

- विशेष पुनरीक्षण के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी अब 5.39 करोड़ वोटर, 34.25 लाख के नाम कटे
- प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 849082 मतदाताओं की हुई वृद्धि

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल •** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत नाम जोड़ने, हटाने के लिए बुलाए गए दावे-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश में मतदाताओं की स्थिति साफ हो गई। 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले मप्र में में कुल 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। अब इनकी संख्या घटकर 5,39,81,065 रह गई है। विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत प्रदेश 34,25,078 मतदाताओं की संख्या कम हो गई है। 1 जनवरी 2026 की तिथि के आधार पर जारी इस सूची में कुल 5,39,81,065 मतदाता हैं। अब चुनाव आयोग की एसआईआर की कार्रवाई भी पूरी हो गई। अब ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से नाम जोड़ने और हटवाने की प्रक्रिया चलती रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश संजीव झा के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 से प्रदेशभर में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया गया। लगभग चार माह तक चले इस विशेष पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ने, विलोपन और संशोधन से संबंधित दावे-आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की गई। इसके बाद 14 फरवरी 2026 तक सभी दावों और आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया गया।



प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व राज्य में कुल 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद यह संख्या घटकर 5,31,31,983 रह गई थी। अंतिम सूची में कुल 5,39,81,065 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। इस प्रकार प्रारूप सूची के बाद 8,49,082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि (नेट एडिशन) दर्ज की गई। कुल मिलाकर 34,25,078 मतदाताओं की संख्या 27 नवंबर से अब तक की कार्रवाई में घटी है।

**एसआईआर में लगे थे 71930 बीएलओ:** निर्धारित समय में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए 55 जिला निर्वाचन अधिकारियों, 230 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 533 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, 71,930 बीएलओ, अनेक वालंटियर्स की सक्रिय भागीदारी रही। इसके तहत 5,74,06,143 मतदाताओं में से 5,31,31,983 मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जिनका पूर्ण डिजिटलीकरण किया गया। बीएलओ द्वारा निरंतर घर-घर सर्वेक्षण किया गया।

**मंत्रियों के क्षेत्रों में सबसे ज्यादा कटे और जोड़े गए नाम**-एसआईआर की कार्रवाई पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत उनके मंत्रियों के क्षेत्र से 8 लाख 20 हजार 255 नाम काटे गए थे। इसके बाद नए नाम जोड़ने को लेकर तय समय-सीमा में सिर्फ 1 लाख 69 हजार 753 आवेदन जमा किए गए। सबसे अधिक नाम मंत्री कृष्णा गौर और विश्वास सारंग के विधानसभा क्षेत्र से कटे थे। उसी तरह नए नाम जोड़ने के लिए सबसे अधिक आवेदन जमा हुए थे। पूरे प्रदेश की बात करें तो 42 लाख 74 हजार से अधिक नाम काटने की कार्यवाही एसआईआर में की गई और इसके विपरीत नए नाम जोड़ने के लिए सिर्फ 9 लाख 89 हजार 991 लोगों ने आवेदन जमा किए गए थे। नए नाम जोड़ने के लिए जिन विधानसभा क्षेत्रों में दस हजार से अधिक आवेदन जमा किए गए थे, उसमें मंत्री कृष्णा गौर की गोविंदपुरा विधानसभा सीट सबसे आगे है। यहां 17888 आवेदन नए नाम जोडने के लिए आए। इसके बाद मंत्री विश्वास सारंग की सीट नरेला में 15115 नए नाम जोडने के आवेदन आए थे। भोपाल जिले की हुजूर विधानसभा सीट जिसके विधायक रामेश्वर शर्मा हैं, वहां से 13024 नए नाम जोड़ने के आवेदन आए। इंदौर जिले में इंदौर 2 विधानसभा सीट से 10446 और इंदौर 5 विधानसभा क्षेत्र से 11040 नाम जोडने के लिए आवेदन जमा कराए गए। राऊ सीट के लिए 12700, नागदा खाचरौद सीट के लिए 11047 आवेदन जमा कराए गए।

**प्रदेश में मतदाताओं की स्थिति**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 5,39,81,065 |
| पुरुष मतदाता | 2,79,04,975 |
| महिला मतदाता | 2,60,75,186 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 904 |

# 'ग्रीन गोल्ड डे' का आयोजन : वॉकाथॉन, वृक्षारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** उद्योगपति एवं परोपकारी डॉ. दिनेश सहारा ने अपना जन्मदिन 'ग्रीन गोल्ड डे' के रूप में मनाते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण, भक्ति और सामुदायिक सेवा को समर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पितृ पर्वत पर भव्य वृक्षारोपण अभियान से हुई, जहाँ स्वयंसेवकों, परिवारों और प्रकृति प्रेमियों ने मिलकर 1,000 से अधिक पौधे लगाए और हरित भविष्य का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सहारा ने गौ सेवा भी की, जो सतत विकास, पारिस्थितिक संतुलन और सनातन मूल्यों के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है। सेवा गतिविधियों में उनके साथ सुरेश सहारा, नितेश सहारा, मनीष सहारा सहित परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल रहे। शाम को आयोजित 'ग्रीन गोल्ड वॉकाथॉन' में इंदौर के युवाओं, परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों ने 3 किलोमीटर की पदयात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छ भविष्य के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।

## प्रदेश में विकास को बनाया गया है राष्ट्र निर्माण का आधार- मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चहुँओर तेज गति से विकास हो रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास से ही हम मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमने विकास को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया है, हम उसी संकल्प को लेकर प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश में हो रहे विकास कार्य आने वाले सम में शिक्षा, पर्यटन और बुनियादी सुविधाओं का नया केंद्र बनाएंगे। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मध्यप्रदेश सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में क्षेत्र में और तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने आदिवासी नायक टंट्या मामा के सम्मान में किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया।

# तैयार हो रही अंडरग्राउंड मेट्रो की जमीन, एयरपोर्ट-निगम क्षेत्र में खुदाई होगी शुरू अप्रैल और मई के बीच इंदौर में टनल बोरिंग मशीन लाने की तैयारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रेन के लिए जमीन तैयार की जा रही है। इसके लिए दो स्थानों पर टनल बोरिंग मशीन के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है, जिसमें मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और निर्माण एजेंसी के कर्मचारी 24 घंटे काम कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इसी साल अप्रैल और मई माह के बीच इंदौर में भारी-भरकम टनल बोरिंग मशीन लाई जा सकती है। इसी मशीन से जमीन के अंदर 40 मीटर नीचे सुरंग खोदकर मेट्रो ट्रेन के लिए रास्ता तैयार किया जाएगा। वर्तमान में एयरपोर्ट और नगर निगम के पास शासकीय स्कूल की जमीन पर खुदाई कर टनल बोरिंग मशीन को अंदर उतारने के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है।

**दो मशीनें बुलाने की संभावना-** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार टनल बोरिंग मशीनें विशेष तौर पर जर्मनी और चीन से मंगाई जाती हैं। इंदौर में खुदाई के लिए दो टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग होगा। पहली मशीन एयरपोर्ट से बड़ा गणपति की ओर खुदाई करेगी। वहीं दूसरी मशीन नगर निगम शासकीय स्कूल से बड़ा गणपति की ओर खुदाई करेगी। 10 किलोमीटर का अंडरग्राउंड ट्रैक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने हाईकोर्ट से एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण के लिए 2290 करोड़ रुपये का ठेका टाटा समूह और उसकी सहयोगी कंपनी को दिया है। साथ ही बीते दिनों मेट्रो को बंगाली चौराहे से हाईकोर्ट तक अंडरग्राउंड बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए नई टेंडर प्रक्रिया जारी है। बंगाली चौराहे से हाईकोर्ट तक जमीन का सर्वे किया जा रहा है। आगामी समय में इंदौर का अंडरग्राउंड ट्रैक लगभग 10 किलोमीटर का होगा।

न्यूज ब्रीफ

## प्रदर्शनी का आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** जिला शिक्षा विभाग एवं सीखें संस्था के तत्वाधान में शासकीय माध्यमिक 25 तेजाजी चौक पालदा में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 243 बच्चों और 17 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने भाषा और गणित विषयों में वर्ष भर सीखी गई कौशल—कहानी लेखन,अंदाजा लगाना स्त्रङ्गहरु पद्धति , प्रश्न पद्धति अपरिचित शब्दों के अर्थ निकालना संख्या ज्ञान , नंबर बॉन्ड पर जोड़ घटाव, और भिन्नों की समझ—को आकर्षक मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि क्क्रष्ट श्रीमान हरिओम वैष्णव , श्रीमान दिनेश शाल्वी सर एवं सीखें संस्था के फिरोज खान एवं विकास प्रजापति मौजूद रहे।

## मोक्षकल्याणक महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय (सैटेलाईट वाले बाबा) सैटेलाईट जंक्शन,इन्दौर मे आज धूमधाम से मना अतिशयकारी भगवान 1008 श्री मल्लिनाथ जी का मोक्षकल्याणक महोत्सव:- आज रविवार फाल्गुन शुक्ल पंचमी को 1008 अतिशयकारी श्री मल्लिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व सैटेलाईट जैन समाज ने हर्षोल्लास से मनाया। जिनालय के महेन्द्र जैन ने बताया कि आज प्रात:काल से ही अतिशयकारी भगवान 1008 श्री मल्लिनाथ जी अभिषेक,शांतिधारा, सामूहिक पूजन,आरती के साथ मोक्षकल्याणक दिवस पर समस्त भक्तगण एंव समाजजनो ने भगवान का निर्वाण कांड पढते हुए आकर्षक शुद्ध निर्वाण लाडू मूलवेदी पर भगवान के समवशरण के समक्ष चढाया।

## इंदौर में केडब्ल्यूसी की शानदार एनिवर्सरी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** इंदौर में एक ग्लैमरस और यादगार शाम देखने को मिली, जब KWC Luxurio ने अपनी एनिवर्सरी के मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह की मौजूदगी में एक खास पार्टी का आयोजन किया। शाम शानदार डेकोर, लाइव म्यूज़िक और खास मेहमानों, घड़ियों के शौकीनों और शहर के एलीट लोगों की मौजूदगी से और भी मज़ेदार हो गई। अपनी विज़िट के दौरान, रकुल प्रीत सिंह ने कुछ बढ़िया घड़ियाँ देखीं और कमल ग्रुप के डायरेक्टर से बातचीत की, जिससे उन्हें ब्रांड की विरासत और कारीगरी के बारे में जानकारी मिली — जिससे यह सेलिब्रेशन इंदौर में लग्ज़री रिटेल के लिए सचमुच एक खास पल बन गया।

## 'घूसखोर पंडत' फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है- -नीरज पांडे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** हमारी फिल्म एक हमारी फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है। । इसमें 'पंडत' नाम सिर्फ एक काल्पनिक किरदार के लिए रखा गया है। यह कहानी किसी एक व्यक्ति के काम और उसके फैसलों पर आधारित है। इसका किसी भी जाति, धर्म या समुदाय से कोई संबंध नहीं है और न ही यह किसी का प्रतिनिधित्व करती है। एक फिल्ममेकर के रूप में, मैं अपने काम को जिम्मेदारी के साथ करता हूँ और हमेशा सोच-समझकर और सम्मान के साथ कहानियाँ पेश करता हूँ। यह फिल्म, मेरी पिछली फिल्मों की तरह, ईमानदारी से और केवल दर्शकों का मनोरंजन करने के उद्देश्य से बनाई गई है।

## 'सबके राम' आयोजन के लिए हुआ भूमिपूजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व और उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में एकजुटता और समरसता का माहौल निर्मित हो सकता है। हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं में प्रभु श्रीराम ने धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में अनेक आदर्श कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जो युगों-युगों से हम सबका मार्गदर्शन करते आ रहे हैं। इस दिशा में दशहरा मैदान पर आयोजित किए जा रहे सबके राम कार्यक्रम के तहत श्रीराम महायज्ञ, जन्मोत्सव एवं उत्सव मेले का आयोजन एक अनुकरणीय और सार्थक आयोजन होगा।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सम्पन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** श्री परशुराम सेना चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर भरत बागोरा, पंडित अनूप शुक्ला, प्रकाश शर्मा (पप्पी) ने बताया की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष पोरवाल, डॉ नितिन मोदी द्वारा हार्ट की जानकारी एवं लोगों के हार्ट संबंधित बीमारियों के बारे में प्रश्नों का उत्तर दिया गया वही शिविर में हार्ट चेकअप भी किया गया, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीमती सरला मसंद द्वारा स्त्रियों के संबंध में होने वाली बीमारियों की जानकारी दी गई, दांत रोग विशेषज्ञ श्रीमती, नीलम बागड़ी नेवी लोगों को जानकारी दी मुख सुधी स्वास्थ्य शुद्ध, न्यूयूरोफिजिशियन युवा डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा द्वारा हार्ट अटैक के साथ ही पैरालिसिस का अटैक भी लोगों को हो रहा है वह भी ब्लड क्लोट की वजह से होता है यह एक महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, डॉ सिद्धार्थ चौबे डॉ अनुराग चतुर्वेदी ,और अन्य चिकित्सा के नामी डॉक्टर निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा डॉक्टर द्वारा दी गई जांच पर 20 से 30% की छूट एवं पूरे वर्ष भर मिलने वाली छूट का लाभ हेतु स्वास्थ्य शिविर का 180 लाभार्थियों ने लिया।

## मदरहुड हॉस्पिटल्स ने दूसरा अत्याधुनिक हॉस्पिटल राजीव गांधी चौक पर शुरू किया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर •** भारत में महिलाओं और बच्चों के प्रमुख हॉस्पिटल, मदरहुड हॉस्पिटल्स ने इंदौर में अपना दूसरा हॉस्पिटल राजीव गांधी चौक पर शुरू किया। यह हॉस्पिटल मध्य भारत में महिलाओं और बच्चों को विस्तृत, लाइफ-साइकल आधारित हेल्थकेयर प्रदान करने की प्रतिबद्धता के अंतर्गत शुरू किया गया है। मदरहुड हॉस्पिटल्स ने इंदौर में साल 2019 में अपना पहला हॉस्पिटल खोला था। पिछले सात सालों में यह हॉस्पिटल इस क्षेत्र में एक मजबूत और विश्वसनीय हॉस्पिटल के रूप में स्थापित हो चुका है। इस दौरान हॉस्पिटल में 1.5 लाख से अधिक महिलाओं और 1 लाख से अधिक बच्चों का इलाज किया जा चुका है, जिससे इस हॉस्पिटल का विस्तृत संचालन और क्षेत्र में विशेषज्ञ मैटरनल एवं पीडियाट्रिक केयर की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है। अपने मजबूत संचालन और क्षेत्र में स्थापित विश्वास के साथ मदरहुड हॉस्पिटल्स शहर में बच्चों और महिलाओं को विस्तृत हैल्थकेयर उपलब्ध कराने के लिए अपने दूसरे अत्याधुनिक हॉस्पिटल के साथ अपने कदमों का विस्तार कर रहा है। इस नए हॉस्पिटल से मदरहुड का इंटीग्रेटेड केयर मॉडल प्रमाणित होता है, जिसके अंतर्गत छोटे बच्चों का इलाज, फर्टिलिटी सेवाएं, प्रेग्नेंसी केयर, चाईल्डबर्थ, नियोनैटल केयर और पीडियाट्रिक्स जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इंदौर का यह नया हॉस्पिटल भारत में मदरहुड का 26वाँ हॉस्पिटल है, जिससे इस ग्रुप का तीव्र विकास और क्लिनिकल उत्कृष्टता पर स्थिर फोकस प्रदर्शित होता है।



इंदौर। 'नारीथॉन' : वॉक में भाग लेती हुई महिलाए।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, सोमवार 23 फरवरी 2026

## स्कूल-कॉलेज से होटल तक खुफिया नेटवर्क, ऑटो वाले और स्टूडेंट हैं मुखबिर

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक युवक और एक युवती को रोका। दोनों एक होटल की तरफ जा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने युवक से उसका नाम पूछा। पहले युवक ने नाम नहीं बताया। जब सख्ती की गई, तो उसने अपना नाम नसीम अकरम बताया। नाम सुनते ही बजरंग दल के लोगों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। युवक दिल्ली का रहने वाला है। वह हिमाचल प्रदेश की एक लड़की के साथ उज्जैन आया था। दोनों महाकाल मंदिर इलाके में एक होटल में ठहरे हुए थे। बजरंग दल ने आरोप लगाया कि युवक के मोबाइल में युवती के साथ-साथ अन्य लड़कियों के न्यूड वीडियो और फोटो मिले हैं। इसके बाद महाकाल थाने की पुलिस ने युवक को थाने ले जाकर पूछताछ की। पिछले दो महीनों में सिर्फ उज्जैन में ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने ऐसे करीब 16 मामले पकड़े हैं। इनमें युवक मुस्लिम था और युवती हिंदू। हालांकि कई मामलों में दोनों बालिग थे, इसलिए कानूनी रूप से कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिन मामलों में लड़की नाबालिग थी, वहां पुलिस ने केस दर्ज किया और आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। खास बात ये है कि बजरंग दल और वीएचपी ने ऐसे मामलों को पकड़ने के लिए एक खास नेटवर्क बना लिया है। यह नेटवर्क कैसे काम करता है? इनके पास सूचनाएं कहां से आती हैं? और कैसे एक वॉट्सऐप मैसेज कुछ ही घंटों में लाइव एक्शन (मौके पर पहुंचकर कार्रवाई) में बदल जाता है? ये मामले उज्जैन में हाल के समय में चर्चा में आए हैं, जहां हिंदू संगठन ऐसे मामलों को पकड़ने के लिए सक्रिय हैं। पुलिस कई मामलों में जांच कर रही है और जहां नाबालिग शामिल हैं, वहां कार्रवाई भी हो रही है। 18 फरवरी को त्रिपुंड (माथे पर तिलक) और रुद्राक्ष की माला पहने जफर नाम के युवक को हिंदू संगठनों ने पकड़ा था। कुछ कॉल संगठन के अन्य पदाधिकारियों को किए गए। कुछ कॉल्स उन स्थानीय कार्यकर्ताओं को किए गए, जो नानाखेड़ा इलाके की भौगोलिक स्थिति और लोगों की जानकारी रखते थे। करीब 8 से 10 फोन कॉल्स के बाद भी जब सूचना की पक्की पुष्टि नहीं हुई, तो संगठन के सदस्य लवेश सोनी को कुछ साथियों के साथ मौके पर भेज दिया गया।

## विद्यालय में फर्नीचर वितरण सेवा कार्य किए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारत विकास परिषद - तिलक शाखा, इंदौर द्वारा रविवार को खंडवा रोड स्थित शासकीय विद्यालय में फर्नीचर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जोशी गुराड़िया विद्यालय को 18 टेबल-चेयर सेट व 105 डेस्क, तथा पठान पिपलिया विद्यालय को 35 डेस्क प्रदान किए गए। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी अजय कामले एवं संजय क्षीरसागर रहे। 25 सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में प्रथमेश देसाई एवं संजय भाटे भी उपस्थित रहे। अंत में गजेंद्र जैन ने आभार व्यक्त किया।

## मस्जिद को लेकर कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • एमवायएच और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पास स्थित मस्जिद को लेकर तहसीलदार कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 1985 में मस्जिद निर्माण की अनुमति केवल 300 वर्ग फीट क्षेत्रफल तक सीमित थी, लेकिन इसके बाद करीब 30 हजार वर्ग फीट शासकीय जमीन पर अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया। तहसीलदार कमलेश कुशवाह ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अनसर्वेड रेसीडेंसी एरिया के ब्लॉक 11 और 12 में मस्जिद और मुसाफिरखाने की मूल स्वीकृत संरचना को छोड़कर किया गया अन्य निर्माण अवैध कब्जे की श्रेणी में आता है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मूल ढांचे को यथावत रखते हुए बाउंड्रीवाल और अन्य अनधिकृत निर्माण तीन दिन के भीतर स्वयं हटाए जाएं। यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं की जाती है तो आरआई और पटवारी को मौके पर पहुंचकर बेदखली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम प्रदीप सोनी ने जानकारी दी कि जूनी इंदौर तहसील के अंतर्गत ब्लॉक नंबर 12 (नए सर्वे में ब्लॉक नंबर 38) की कुल भूमि 0.70 एकड़ है, जो नजूल रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 सितंबर 1985 को केवल 300 वर्ग फीट क्षेत्र में निर्माण की अनुमति प्रदान की गई थी।

## गणपति मंदिर पर शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का आयोजन हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर पिछले दो दिनों से चल रहे शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का समापन रविवार की शाम को संभाजी नगर (महाराष्ट्र) से आए वेदमूर्ति पं. गौरव जोशी एवं वेदमूर्ति पं. पुष्पक शुक्ला के सम्मान के साथ हुआ। वेदमूर्ति द्वय ने शहर में पहली बार यजुर्वेद के 40 अध्याय के 2 हजार मन्त्रों का कंठस्थ और शास्त्रोक्त विधि से पारायण कर सैकड़ों श्रोताओं को भाव-विभोर बनाए रखा। शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के तत्वावधान में फागुन शुक्ल पंचमी पर याज्ञवल्क्य जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय यजुर्वेद संहिता पारायण का अनूठा आयोजन शनिवार से प्रारम्भ हुआ। संस्था की ओर से संरक्षक यशवंत काले गुरूजी एवं डॉ. प्रफुल्ल जोशी ने महर्षि याज्ञवल्क्य की प्रतिमा एवं यजुर्वेद ग्रन्थ का पूजन कर वेदमूर्ति द्वय का सम्मान किया। अध्यक्ष पं. उपेन्द्र जोशी एवं सचिव पं. तुषार जोशी गुरुजी ने बताया कि वेदमूर्ति द्वय ने पहले दिन यजुर्वेद के 20 अध्यायों में वर्णित मन्त्रों का सस्वर और कंठस्थ पाठ किया। दोनों विद्वानों ने बिना किसी ग्रन्थ की मदद के यजुर्वेद के 20 अध्यायों का पाठ कर प्रबुद्ध श्रोताओं को भाव-विभोर बनाए रखा। रविवार को भी उन्होंने शेष 20 अध्यायों के 1 हजार मन्त्रों का पाठ किया।

## रजक समाज संत गाडगे बाबा की 150 वीं जयंती सोमवार के मनाएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नगर धोबी संघ इन्दौर की अध्यक्षा श्रीमती शंकुतला बड़े व श्री अनिल बारिया ने बताया कि संत गाडगे बाबा की 150 वीं जयंती 23 फरवरी सोमवार को शाम 7-30 बजे संत गाडगे बाबा सभागृह मोती तबेला इन्दौर पर भजन-कीर्तन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मध्यप्रदेश रजक समाज कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री महेश ढालिया , पार्षद सुश्री रूपाली पेंढारकर, है ।

इस अवसर पर विशेष रूप श्रीमती शंकुतला बड़े, श्री अनिल बारिया, दिनेश चौहान, राजेन्द्र वर्मा , प्रकाश सिंगोडिया, निर्मल बड़े, कृष्ण गोपाल मालवीय, ईश्वर चौहान एडवोकेट, इन्दर परदेशी, फूला भैया, मांगीलाल पलास्कर उपस्थित रहेंगे।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**



## भोपाल की ताल के चौपाल से



## खाकी वाले साहब का गजब का नजराना, कांग्रेस में वो इस्तीफा और कौन बनेगा भोपाल का सरताज?

**बोल हरि बोल**



**हरीश दिवेकर**

मध्यप्रदेश की सियासत और प्रशासनिक गलियारों में नजराने और 'नए सरताज' की चर्चा जोरों पर है। पुलिस अफसरों की कार्यशैली से लेकर कांग्रेस के आंतरिक घमासान तक हर खबर एक नया संकेत दे रही है। आज के बोल हरि बोल में पढ़िए इन घटनाओं के बारे में विस्तार से सत्ता के गलियारों में सच फुसफुसाहटों में मिलता है। जहां सलाम में संकेत होते हैं और मुस्कान में संदेश छिपे होते हैं। हम लाते हैं वही किस्से, जो नोटशीट पर नहीं, नोटों की शीट पर लिखे जाते हैं। सत्ता के गलियारों में सब कुछ दिखता नहीं, पर सब कुछ चलता जरूर है। कहीं रिश्वत नजराना बन जाती है, कहीं पसंद की पोस्टिंग चौंकाने वाला फैसला कहलाती है। बाकी... फाइलें तो चुप रहती हैं, पर खबरें बोलती हैं। भूमिका बहुत हो गई। आप तो सीधे नीचे उतर आईए और हरीश दिवेकर के लोकप्रिय कॉलम बोल हरि बोल के रोचक किस्सों का आनंद लीजिए।

### रिश्वत या नजराना?

मालवा-निमाड़ में बड़े ओहदे पर रहे खाकी वाले साहब का अंदाज निराला है। छोटा पैसा सामने आ जाए तो साहब के भीतर का धर्म जाग उठता है और बड़ी रकम आते ही वही धर्म दरियादिली में बदल जाता है। कहानी कुछ ऐसी है कि एक थानेदार ने किसी बड़ी डील में 25 लाख की कमाई कर ली। खबर बड़े साहब तक पहुंची तो तुरंत थानेदार को हाजिर कर लिया। थानेदार समझ गया कि साहब की तरफ से बुलावा यूं ही नहीं आया है। कमरे में दाखिल होते ही सलाम ठोंका और चुपचाप 5 लाख मेज पर रख दिए। साहब का पारा चढ़ गया, 'रिश्वत देते हो, हिम्मत कैसे हुई' तुरंत आदेश दिया कि 'इसे कमरे में बंद करो।' थानेदार भी कम घुटा हुआ नहीं था। हाथ जोड़कर बोला, 'सर, गलत समझ रहे हैं। अभी जल्दी में 5 ही ला पाया हूं। 10 लाख और रास्ते में हैं। ये तो आपका नजराना है।' बस... फिर क्या था माहौल बदल गया। साहब की त्योरियां ढीली पड़ीं और चेहरे पर मुस्कान आ गई। समझाइश का दौर शुरू हुआ। साहब बोले, 'देखो ईमानदारी से ड्यूटी करना चाहिए।' सूत्र बताते हैं कि थानेदार की कमाई का आधे से ज्यादा हिस्सा ऊपर चला गया और अब वो ढिंढोरा पीट रहा है कि साहब को छोटा माल रिश्वत लगता है, बड़ा माल नजराना।

### क्या भोपाल कलेक्टर पर भी चौंकाएंगे?

प्रशासनिक हलकों में इन दिनों एक चर्चा जोरों पर है। बड़े साहब ने भोपाल कलेक्टर के लिए मन ही मन एक नाम तय कर रखा है। अब देखना यह है कि सूबे के मुखिया उसी अंदाज में चौंकाएंगे या नहीं, जैसे भोपाल पुलिस कमिश्नर की पोस्टिंग में किया था। आपको बता दें कि कमिश्नर पद के लिए पीएचक्यू ने दो नाम आगे बढ़ाए थे, लेकिन सूबे के मुखिया ने उन्हें देखा तक नहीं। सीधे आईपीएस ग्रेडेशन लिस्ट उठाई और ऐसा नाम चुन लिया, जो न किसी गुट का, न किसी विवाद का। अब सवाल यही है कि क्या कलेक्टरी में भी वही आउट ऑफ द कोर्स तड़का लगेगा या फिर बड़े साहब की पसंद पर मुहर लगेगी? फैसला भोपाल की कुर्सी का होगा और संदेश पूरे सूबे में जाएगा।

### एससी-एसटी के नए नेता की एंट्री

अजाक्स संगठन दो फाड़ हो चुका है। एक तरफ संतोष वर्मा विवादों के घेरे में हैं। दूसरी तरफ मुकेश मौर्य पर आईएएस न होने का असर है। इस बीच सियासी शतरंज पर एक सीनियर आईएएस ने चुपचाप चाल चल दी है। वे गुपचुप तरीके से एससी-एसटी अधिकारियों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हैं। साहब का मानना है कि सरकार में बड़ा पद चाहिए तो अपने समाज की ताकत दिखानी होगी। लंबे समय तक मेनस्ट्रीम से बाहर रहे यह साहब इन दिनों अच्छी पोस्टिंग पर हैं। अब वे नेटवर्किंग की बिसात बिछा रहे हैं। देखना है कि यह सामाजिक एकजुटता सत्ता की सीढ़ी बनती है या नई खेमेबाजी की शुरुआत होगी।

### नेताजी चले गए, संदेश रह गया

उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का इस्तीफा महज संगठनात्मक फेरबदल नहीं है। यह उस खामोश टकराव का नतीजा है, जो महीनों से आकार ले रहा था। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का रवैया कई लोगों को अखर रहा था। विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के लिए विधायकों के नाम तय करने का मामला चिंगारी बन गया। कटारे के सुझाए नामों को सिरे से खारिज कर दिया गया। राजनीति में मतभेद सामान्य हैं, लेकिन जब संवाद की जगह संदेश देने की शैली हावी हो जाए तो पद औपचारिक रह जाता है। सम्मान नहीं कटारे ने पद छोड़ा है, पर असली सवाल यह है कि क्या वे चुप बैठेंगे? राजनीति में अपमान की याददाश्त लंबी होती है।

### राहुल के सबसे करीब की प्रतियोगिता

मध्यप्रदेश कांग्रेस में इन दिनों एक अनौपचारिक स्पर्धा भी जारी है। दिल्ली में किसकी सुनवाई ज्यादा है? जीतू पटवारी और उमंग सिंघार के बीच मतभेद अब पर्दे के पीछे नहीं रहे। दोनों खेमे अपने-अपने दावों के साथ सक्रिय हैं। 24 को राहुल गांधी भोपाल आ रहे हैं। अब सवाल यह नहीं कि मंच पर कौन बैठेगा, सवाल यह है कि मंच के पीछे कौन किसके साथ खड़ा होगा। क्योंकि दिल्ली संदेश पढ़ती है और संकेतों की भाषा समझती है। अगर खेमेबाजी की रेखाएं स्पष्ट रहीं तो आंदोलन की धार कमजोर पड़ सकती है। यदि मंच पर एकता दिखी तो वह भी अस्थायी युद्धविराम हो सकता है। यह दौड़ निकटता की नहीं, नियंत्रण की है।

### बिना पद का प्रभाव

कमलनाथ का भोपाल प्रवास अपने आप में एक संदेश बन जाता है। उनके पास औपचारिक रूप से कोई जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन राजनीतिक रूप से अभी भी वे केंद्र में रहते हैं। उनके बंगले पर जुटती भीड़ बताती है कि प्रदेश कांग्रेस में पावर सेंटर एक नहीं है। पहला औपचारिक, दूसरा आक्रामक, तीसरा अनुभव आधारित। राजनीति में खाली जगह कभी खाली नहीं रहती। जहां असहमति हो, वहां विकल्प खड़े हो जाते हैं। क्या आने वाले समय में यही तीसरा केंद्र संतुलन साधेगा या समीकरण और जटिल होंगे?

### विपक्ष बनाम विपक्ष

प्रदेश कांग्रेस इस समय सरकार से ज्यादा खुद से जूझती दिख रही है। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे का इस्तीफा एक संकेत है। निकटता की प्रतिस्पर्धा दूसरा और तीसरा पावर सेंटर स्थिर प्रतीक्षा में है। 24 तारीख को राहुल गांधी का दौरा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, नेतृत्व परीक्षण की तारीख भी है। सत्ता की शतरंज में चालें कभी सार्वजनिक नहीं होतीं, पर मात अक्सर भीतर से मिलती है। संकेत जारी रहेंगे।

## माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में होने वाले भव्य फाग महोत्सव का पहला न्योता खड़े गणेशजी को समर्पित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में रविवार एक मार्च को आयोजित रंगारंग संगीत निशा एवं फाग महोत्सव का पहला न्योता जूनी इंदौर स्थित खड़े गणेशजी को समर्पित किया गया। इस अवसर पर खड़े गणेश को लड्डू प्रसाद का भोग लगाकर उनसे शहर में सुख, शांति एवं सद्भाव के लिए भी प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के प्रमुख शारदा प्रकाश अजमेर के साथ इस अवसर पर नीताश्री-मोहन सोमानी, गोपालदास राठी, श्याम भांगडिया, आशीष बाहेती, रुपेश भूतड़ा, बलराम बजाज, कैलाश जाजू, महेश लड्ढा, आशीष माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में माहेश्वरी कुटुम्ब से जुड़े सदस्य उपस्थित थे। आरती में सुनील माहेश्वरी, प्रदीप जाखेटिया, पप्पू सिखची, आशीष माहेश्वरी, राधेश्याम सारडा, अभय डागा, पुरुषोत्तम मानधन्या भी शामिल हुए। माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में इस बार वृन्दावन की अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त बृज राधा रमण टोली के 24 महिला-पुरुष कलाकार बुलवाए गए हैं, जो 1 मार्च को रिंग रोड स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर शाम 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक संध्या और फाग महोत्सव का अद्भुत और अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान आधा दर्जन मिसाइलों से विभिन्न किस्म के सुगन्धित और रंगबिरंगे फूलों की वर्षा से सभी मेहमानों और समाज बंधुओं का आत्मीय स्वागत भी किया जाएगा।

संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के अध्यक्ष शारदा-प्रकाश अजमेरा ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार फाग यात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार समाज बंधुओं के आग्रह पर फाग भजनों एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रंगारंग आयोजन करने का निर्णय लिया गया है जिसमें वृन्दावन की उक्त अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मण्डली के कलाकार आमंत्रित किए गए हैं, जिनमें महिला कलाकार भी शामिल हैं। सभी कलाकार अपनी मनभावन प्रस्तुतियां देने पहली बार इंदौर आ रहे हैं। उत्सव में पानी अथवा रंग का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रखने का भी निर्णय लिया गया है। जो मिसाइलें इस महोत्सव में बुलवाई गई हैं, उनकी मारक क्षमता 100 फीट से अधिक रहेगी।

## सम्पादकीय

### महिलाओं से जुड़े मामलों में जजों की संवेदनशीलता पर सवाल, सुप्रीम कोर्ट ने क्यों दिए नए निर्देश

जरूरत है कि न्यायाधीशों के दृष्टिकोण में संवेदना और करुणा विकसित करने के लिए लैंगिक संवेदनशीलता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के साथ-साथ न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी तरह के अन्याय के बाद न्याय के लिए न्यायपालिका ही उम्मीद का ठौर होती है। अदालतों में बैठे न्यायाधीश यह सुनिश्चित करते हैं कि पीड़ित पक्ष के साथ इंसाफ हो। मगर कई बार ऐसे मामले भी चर्चा और चिंता का कारण बने हैं, जिनमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े मुकदमों में किसी जज की टिप्पणी या उनके फैसले को न्याय की अवधारणा पर पूर्वाग्रह हावी होने के तौर पर देखा गया। इस क्रम में कानूनी प्रावधानों की व्याख्या करते हुए जो कहा गया, उसमें संवेदनशीलता का अभाव नजर आया। शायद यही वजह है कि पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट को जजों के दृष्टिकोण में जरूरी संवेदनशीलता विकसित करने के लिए अलग से प्रयास करने पर जोर देना पड़ा। शीर्ष अदालत की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि न्यायपालिका के सदस्यों के दृष्टिकोण के साथ ही अदालती प्रक्रियाओं में अंतर्निहित संवेदनशीलता और विवेक विकसित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि समय-समय पर शीर्ष अदालत की ओर से न्यायाधीशों के दृष्टिकोण पर रूढ़िवादी सोच हावी होने से उपजे सवालों से निपटने के लिए कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2023 में एक पुस्तिका भी इस उद्देश्य से तैयार की गई थी कि न्यायाधीश पितृसत्तात्मक भाषा को पहचान कर उससे बच सकें। मगर इस सबका कोई ठोस असर सामने नहीं आ सका है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने अब राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को यौन हिंसा और अन्य अपराधों के संदर्भ में न्यायाधीशों तथा न्यायिक प्रक्रिया के भीतर संवेदनशीलता एवं करुणा विकसित करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने को कहा है। जाहिर है, शीर्ष अदालत का निर्देश यह सुनिश्चित करने के मकसद से है कि जज महिलाओं के विरुद्ध अपराधों और खासतौर पर यौन हिंसा के मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करें, उनके फैसलों पर सामाजिक भेदभाव या पूर्वाग्रहों पर बनी धारणाओं की छाया नहीं दिखे। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट की इस पहल में एक ऐसी समस्या की पहचान कर उसे रेखांकित किया गया है, जिसकी आमतौर पर अनदेखी की जाती है, लेकिन कई फैसलों पर उसका असर देखा जाता है।

# अगर कांग्रेस ने अब भी सुधार नहीं किए तो वह दिन दूर नहीं जब यह पार्टी इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी

देखा जाय तो कांग्रेस 2014 से लगातार गलतियों पर गलतियां कर रही है । हाल कि गलती से जो हाल में उसकी किरकिरी हुई है उससे उसके ही साथी दल नाराज है और कांग्रेस से किनारा कर रहे है । बताया जाता है कि दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित ‘ह्व इंडिया समिट 2026’ में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के किए गए शर्टलेस प्रदर्शन की जमकर निंदा हो रही है। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने भी इस प्रदर्शन की आलोचना की।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने झांसी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने ऐसा नहीं करना चाहिए था। यूथ कांग्रेस को विदेशी डेलीगेट्स के सामने अपमान करने से बचना चाहिए था । उन्होंने इशारों-इशारों में आगे कहा, ‘अब जो और हंगामा (कांग्रेस यूथ का प्रदर्शन) हुआ है, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। भाजपा सरकार झूठ बोलती है धोखा देती है। वह अलग बात है कि हमारे बीच मतभेद हैं, हम आंतरिक लड़ाई लड़ सकते हैं। अब तो पूरा देश जान चुका है कि बीजेपी झूठ बोलती है, लेकिन ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिए था जिससे विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने देश का अपमान हो।’

इससे पहले बहुजन समाजवादी पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कृत्य की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अगर यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण देश की गरिमा और छवि को धूमिल करने वाला था, ऐसा नहीं करना ही उचित होगा। मायावती ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, ‘नई दिल्ली में आयोजित ‘एआई इम्पैक्ट समिट’ जिसमें देश और विदेश के भी काफी प्रमुख लोग आमंत्रित थे और इवेंट अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सुर्ख़ियों में था। इस दौरान जिन भी लोगों द्वारा अर्द्धनग्न होकर अपना रोष प्रकट किया है जिसमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं, वह अति-अशोभनीय और निन्दनीय है।’उन्होंने आगे लिखा, ‘अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन समिट के दौरान ऐसा आचरण करना यह चिन्ता की बात है अर्थात अपने देश की गरिमा और छवि को ना बिगाड़ा जाये तो इसके बाद वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया और पूर्व आंध्र मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने भी कांग्रेस पार्टी की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दुनिया के सामने हमें एकजुट होकर नजर आना जरूरी है। उन्होंने लिखा, ‘कल एआई



समिट में यूथ कांग्रेस ने हम सभी को शर्मिंदा किया है। हमारी राजनीति किस दिशा में जा रही है। किसी को भी कभी हमारे देश को ऐसे नीचा नहीं दिखाना चाहिए। राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के सामने हमें आपस में एकजुट होकर ही रहना चाहिए।‘

भाजपा समेत तमाम पार्टियों ने भले ही इस मुद्दे पर सरकार का साथ दिया हो, लेकिन कांग्रेस पार्टी अभी भी अपनी गलती न मानते हुए अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी हुई है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से कहा गया है कि भारत एक लोकतंत्र है और लोकतंत्र में, विरोध करने का अधिकार सभी का होता है, सभी को अपनी राय रखने का अधिकार होता है।पार्टी का कहना है कि यह प्रदर्शन ‘लाखों गुस्साए बेरोजगार युवाओं की आवाज’ थी। इस विरोध प्रदर्शन का निशाना ‘समझौता करने वाले’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। कांग्रेस ने कहा कि यूथ कांग्रेस‚ह्व समिट के खिलाफ नहीं हैं, और वे अब और चुप नहीं बैठेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि देश में पिछले 12 सालों से दरारों को छिपाया जा रहा है। आज देश के नौजवानों ने उन दरारों पर चिपकाए गए इश्तेहारों को फाड़ दिया है।

कांग्रेस नेता राहुल गाँधी कहना है कि आज यूथ कांग्रेस ने नौजवानों के रोष, गुस्से को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के जरिये एआई समिट में दर्ज कराया। खेड़ा ने कहा कि मीडिया का एक धड़ा इसको लेकर शोर मचा रहा है कि बहुत गलत जगह विरोध प्रदर्शन किया है। इससे देश की बदनामी हो गई। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि विरोध प्रदर्शन कहां किया जाता है? उन्होंने कहा कि विरोध वहीं होता है जहां लोगों को दिखता है। कांग्रेस नेता ने शायराना अंदाज में सरकार पर तंज कसा।

दरअसल कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या नेतृत्व की कमी है। राहुल गांधी को युवा नेता के तौर पर पेश किया गया, लेकिन वे जनता से जुड़ने में नाकाम रहे। उनकी सबसे बड़ी गलती यह रही कि वे राजनीति को गंभीरता से नहीं ले सके। 2014 में ‘आलू से सोना बनाने’ वाला बयान हो या चुनाव प्रचार के दौरान छुट्टियां मनाना ऐसे कई मौके आए जब राहुल की छवि एक गैर-गंभीर नेता की बनी। वे न तो पार्टी संगठन को मजबूत कर पाए और न ही चुनावी रणनीति में कोई नया प्रयोग किया।राहुल गांधी की दूसरी बड़ी गलती थी, युवा नेताओं को आगे न बढ़ाना। ज्योतिरादित्य सिंधिया, हिमंता बिस्वा सरमा जैसे कई युवा नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए क्योंकि उन्हें पार्टी में उचित सम्मान नहीं मिला।

कांग्रेस पार्टी का पूरा ढांचा गांधी परिवार के इर्द-गिर्द घूमता है। पार्टी में लोकतांत्रिक तरीके से नेता नहीं चुने जाते। चाहे कोई कितना भी मेहनत करे, अगर वह गांधी परिवार के करीब नहीं है तो उसे महत्वपूर्ण पद नहीं मिलता। इस ‘रॉयल फैमिली’ वाली छवि ने पार्टी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। आम जनता को लगता है कि यह पार्टी सिर्फ एक परिवार की संपत्ति है। 1990 के दशक तक कांग्रेस का हर गांव, हर मोहल्ले में मजबूत संगठन था। लेकिन आज वह संगठन लगभग खत्म हो चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ता अब सक्रिय नहीं रहे। दूसरी तरफ, भाजपा ने ऋस्स् के माध्यम से जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा कर लिया है। कांग्रेस के पास न तो कार्यकर्ता हैं और न ही उन्हें प्रेरित करने का कोई विचार। मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास और हिंदू पहचान के मुद्दों को बहुत प्रभावी तरीके से उठाया। कांग्रेस इसका कोई प्रभावी जवाब नहीं दे पाई। पार्टी ने अपनी राजनीति में कोई नई सोच नहीं विकसित की। वे न तो विकास के मुद्दे पर भाजपा को चुनौती दे पाए और न ही अपनी धर्मनिरपेक्षता की बात को नए तरीके से पेश कर पाए। हर चुनाव में कांग्रेस सिर्फ ‘मोदी विरोध’ करती दिखी, लेकिन अपना कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं रख पाई।

आज के दौर में गठबंधन की राजनीति बहुत जरूरी है, लेकिन कांग्रेस इसमें बहुत कमजोर साबित हुई है। बिहार में ही देखें तो राजद और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर काफी विवाद हुआ। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया क्योंकि उन्हें लगता है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन से फायदा नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस दोनों ही कांग्रेस को गंभीर सहयोगी नहीं मानते। भाजपा ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार में बहुत निवेश किया है। हर मंच पर भाजपा के समर्थक सक्रिय हैं। लेकिन कांग्रेस इस मोर्चे पर बहुत पीछे है। युवा वोटरों तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया सबसे जरूरी माध्यम है, और यहां कांग्रेस की मौजूदगी नगण्य है। 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोलगेट घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, यूपीए-2 सरकार के दौरान हुए इन घोटालों ने कांग्रेस की छवि बुरी तरह खराब कर दी। हालांकि बाद में कई मामलों में आरोपी बरी हो गए, लेकिन जनता के मन में जो नकारात्मक छवि बन गई, वह आज तक बनी हुई है। कांग्रेस इस छवि को बदलने में नाकाम रही। कांग्रेस पार्टी के सामने अस्तित्व का संकट है। अगर पार्टी को फिर से खड़ा होना है तो उसे कई कठोर फैसले लेने होंगे। सबसे पहले, पार्टी को गांधी परिवार की छाया से बाहर निकलना होगा और लोकतांत्रिक तरीके से नेतृत्व चुनना होगा। दूसरा, जमीनी संगठन को फिर से मजबूत करना होगा। तीसरा, आधुनिक संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग करना होगा।लेकिन सबसे जरूरी है एक नई विचारधारा और एजेंडा विकसित करना। कांग्रेस को यह बताना होगा कि वह देश को कहां ले जाना चाहती है। सिर्फ भाजपा की आलोचना करने से काम नहीं चलेगा।बिहार की हार एक और चेतावनी है। अगर कांग्रेस ने अब भी सुधार नहीं किए तो वह दिन दूर नहीं जब यह पार्टी इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जाएगी। सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के पास अब भी वक्त बचा है?


**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### मीनाक्षी शेषाद्रि का मेले में भरतनाट्यम गणेश-शिव वंदना से दिखाई भाव भंगिमा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●नवग्रह मेले के समापन अवसर पर शनिवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। नृत्यांगना मीनाक्षी शेषाद्रि ने श्री गणेश और शिव वंदना के साथ अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। उन्होंने भक्तिपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की और भाव भंगिमा पर केंद्रित गजानना व शिव के लिए नटराज की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया। इसके माध्यम से उन्होंने भरतनाट्यम कला को निमाड़ की धरती पर उतारने का प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कलाकारों का स्वागत कर किया। यह कार्यक्रम रात 11:45 बजे तक चला, जो लगभग पौने तीन घंटे का था। इसमें 35 मिनट तक शास्त्रीय संगीत की चार अलग-अलग प्रस्तुतियां भी हुईं। नवग्रह मेले के समापन पर मुंबई की ऑर्केस्ट्रा टीम और कॉमेडी कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने नृत्य और हास्य के रंगारंग प्रदर्शन से लगभग 10 हजार दर्शकों का मनोरंजन किया। मलखंभ और अन्य जिम्नास्टिक कलाकारों ने



भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, उपाध्यक्ष भोलू कर्मा, कलेक्टर भव्या मित्तल, एसपी रवींद्र वर्मा और सीएमओ कमला कौल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### रसेल वायपर और कोबरा का रेस्क्यू, दोनों सांपों को जंगल में छोड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ●बुरहानपुर के नेपानगर और हिवरा में दो सांपों का रेस्क्यू किया गया। शनिवार सुबह मनोज टॉकीज क्षेत्र स्थित एक नमकीन सामग्री के गोदाम में रसेल वायपर सांप देखा गया। पेट्रोल पंप के पास स्थित इस गोदाम में सांप की फुंफकार की आवाजें सुनकर लोग सतर्क हो गए। सूचना मिलने पर सर्प मित्र खेमसिंग राठौर मौके पर पहुंचे। उन्होंने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया और एक प्लास्टिक डिब्बे में बंद कर दिया। राठौर ने बताया कि इंडियन रसेल वायपर सबसे खतरनाक सांपों में से एक है। इसके काटने से कुछ ही सेकंड में जान खतरे में आ सकती है। यह सांप गोदाम में रखे नमकीन पैकेट्स के पीछे छिपा हुआ था। ग्राम हिवरा में भी एक ब्लैक कोबरा देखा गया। ग्रामीणों में दहशत फैलने के बाद सर्प मित्र राठौर को इसकी जानकारी दी गई। राठौर देर रात हिवरा पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ब्लैक कोबरा का भी रेस्क्यू किया। रेस्क्यू किए गए दोनों सांपों को शनिवार दोपहर जंगल में ले जाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।

### 86 हजार वोटर्स के नाम कटे, 10 हजार जोड़े, खंडवा में अब 9.53 लाख मतदाता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि एसआईआर (स्ढ्ढक्र) सर्वे के दौरान जिले से करीब 86 हजार वोटर्स के नाम हटाए गए थे। बाद में दावे-आपत्तियां बुलाने पर 10 हजार नाम फिर से जोड़ दिए गए हैं। अब जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 53 हजार 692 हो गई है, जबकि सर्वे से पहले यह आंकड़ा 10 लाख के पार था। जारी अंतिम सूची के अनुसार, जिले में कुल 4,92,059 पुरुष, 4,61,616 महिलाएं और 17 अन्य मतदाता हैं। विधानसभा वार स्थिति देखें तो पंधाना में सबसे ज्यादा 2,76,914 मतदाता हैं, जबकि मांधाता में सबसे कम 2,09,787 मतदाता हैं। जिले में कुल 257 सेवा मतदाता भी दर्ज हैं। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कुल 1247 मतदान केंद्र हैं। विधानसभा वार मतदान केंद्रों की संख्या इस प्रकार है: विशेष



अभियान के दौरान जिले में 10,079 नए मतदाताओं की वृद्धि हुई है। 23 दिसंबर 2025 को प्रारूप सूची में 9.43 लाख वोटर थे, जो अब बढ़कर 9.53 लाख हो गए हैं। खंडवा विधानसभा में सबसे ज्यादा 3,365 और मांधाता में सबसे कम 2,087 नाम जुड़े हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने स्पष्ट किया कि फाइनल प्रकाशन के बाद भी नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन की प्रक्रिया जारी रहेगी। पात्र नागरिक ईसीआईनेट पोर्टल पर ऑनलाइन या बीएलओ के पास ऑफलाइन फॉर्म-6, 7 या 8 जमा कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### आदिवासी मजदूर को छुट्टी पर जाने से रोका, खेत मालिक और चचेरे भाई ने सरिए से मारा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के रमणगांव में एक आदिवासी मजदूर की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि खेत मालिक और उसके चचेरे भाई ने मजदूर को छुट्टी पर जाने से रोकने के लिए लकड़ी और सरिए से पीटा, जिससे उसका हाथ टूट गया। इस घटना में मजदूर के पीठ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है। पीड़ित महेंद्र डाबर ने रविवार शाम 4 बजे इलाज के बाद मेनगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। महेंद्र ने बताया कि वह लोकेश पाटीदार के यहां मजदूरी करता है। वह अपनी पत्नी, जीजा और भांजे के साथ मंदोरी में मेहमानी में जाने के लिए रमणगांव पेट्रोल पंप पर बस का इंतजार कर रहा था।

पीड़ित के अनुसार, लोकेश पाटीदार ने उसे रोका और गालीगलौज करते हुए नीम की मोटी सोंटी से मारपीट की। इसके बाद लोकेश ने अपने चचेरे भाई राजेश पाटीदार को बुलाया, जिसने सरिए से महेंद्र को बुरी तरह पीटा। इस मारपीट में महेंद्र का हाथ फ्रैक्चर हो गया और उसके शरीर पर नीले निशान पड़ गए। महेंद्र डाबर ने बताया कि उसने मेहमानी में जाने के लिए दो दिन पहले ही लोकेश को सूचित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद लोकेश नहीं माना। परिजनों ने घायल महेंद्र का खरगोन जिला अस्पताल में इलाज कराया।इस मामले में मेनगांव थाना प्रभारी मंशाराम रोमड़े ने बताया कि मजदूर के साथ मारपीट की शिकायत मिली है।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 5.63 लाख वोटिंग रिकॉर्ड

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतिम प्रकाशन के बाद वास्तविक मतदाताओं का आंकड़ा सामने आया है। आज (शनिवार) की स्थिति में जिले में कुल 5,63,852 मतदाता हैं। इनमें 2,77,271 महिला और 2,86,291 पुरुष मतदाता शामिल हैं, जबकि 20 अन्य मतदाता भी हैं। जिले का जेंडर रेशो 968.49 दर्ज किया गया है। इस पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान जिले की दोनों विधानसभाओं, बुरहानपुर और नेपानगर में कुल 19,500 मतदाताओं की सुनवाई की गई। इसमें 10,804 नए नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं, जबकि 1,070 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाटीदार ने बताया कि नाम दो मुख्य कारणों से हटाए गए हैं। पहला, ‘नो मैपिंग’ वाले मतदाता जिनकी या तो डबल एंट्री थी या वे मृत मतदाताओं की श्रेणी में थे। ऐसे नाम प्रारूप सात की आपत्तियों के माध्यम से सामने आए थे। शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस बैठक में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी गईं। हटाए गए 1,070 मतदाताओं में से विधानसभा क्षेत्र 179 नेपानगर के 48 मतदाता और विधानसभा क्षेत्र 180 बुरहानपुर के 622 मतदाता शामिल हैं। बैठक में अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी ‘मन की बात’, पीएम मोदी ने बदला देश का आत्मविश्वास - पाटील

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने रविवार को बुरहानपुर के राजपुरा वार्ड स्थित बूथ 195 पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘मन की बात’ रेडियो कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। इस दौरान सांसद पाटील कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठे। इस आयोजन से बूथ स्तर पर संगठनात्मक एकजुटता और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। सांसद पाटील ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व आज भारत की पहचान बन चुका है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, मजबूत अर्थव्यवस्था, वैश्विक सम्मान और गरीब-कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि ‘मन की बात’ कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री आम नागरिकों, किसानों, युवाओं और महिलाओं से सीधे संवाद कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बना रहे हैं। सांसद ने जोर देकर कहा कि पीएम मोदी ने राजनीति को सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया है। स्वच्छ भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और गरीब कल्याण जैसी योजनाओं के जरिए उन्होंने समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ा है। सांसद पाटील ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विचारों और सरकार



की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर से घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही विपक्ष की नकारात्मक और भ्रम फैलाने वाली राजनीति का प्रभावी जवाब हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पूर्व अध्यक्ष दिलीप श्रॉफ, मप्र पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती नवलखे, महामंत्री संजय जाधव, मनोज टंडन, मंडल अध्यक्ष अमोल भगत, दिनकर पाटील, डॉ. दीपक वाभले, राम निकम, भरत मराठे, देवा नन्नौरे, कमलेश दलाल, ललित शाह, मनीष भगत, आकाश वाघमारे, हितेश भगवे, राजेश खत्री, विजय राठौर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आज टेबल टॉपर-2 टीमों के बीच होगा मुकाबला

**मुंबई(एजेंसी)** • वेस्टइंडीज की टीम आत्मविश्वास के साथ सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे के जज्बे से सतर्क रहना चाहेगी। दोनों टीमें अभी तक टूर्नामेंट में अजेय रही हैं और इस सिलसिले को जारी रखने के लिए पूरी कोशिश करेंगी। वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर रहकर अगले दौर में जगह बनाई है, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी है। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के लिए यह फॉर्मेट में कड़ी परीक्षा होगी, जिसमें वह आमतौर पर शानदार खेल दिखाती है। पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग में टीम ने अब तक एकजुट होकर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार अच्छा खेलना बड़ी चुनौती होगी। वेस्टइंडीज ने लगातार चार मैच जीतकर यह साबित कर दिया है कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सात द्विपक्षीय सीरीज में मिली हार अब बीते वक्त की बात हो गई है। कैरेबियाई टीम फिर से मजबूत दावेदार बनकर उभरी है।

उसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की और कमजोर टीमों को आसानी से हराया। रोमारियो शेफर्ड की ऑलराउंड क्षमता से टीम को संतुलन मिला है और वह आईपीएल में वानखेड़े में खेलने के अपने अनुभव का फायदा उठाना चाहेंगे। दूसरी तरफ जिम्बाब्वे ने अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में नई उम्मीद जगाई है। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सबको चौंका दिया था और अब वह साबित करना चाहेगा कि उसकी जीत सिर्फ संयोग नहीं थी। जिम्बाब्वे ने सुपर आठ में पहुंचकर अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। अब उसका सामना वेस्टइंडीज, अफ्रीका और भारत से होगा।



# कार्लोस अल्काराज कतर ओपन चैंपियन, फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया

**दोहा (एजेंसी)** • विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने एटीपी 500 इवेंट में एक और शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ 50 मिनट में वापसी कर रहे फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन 2026 का खिताब अपने नाम किया। अल्काराज की कतर में यह जीत ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनने के सिर्फ 20 दिन बाद आई है। एटीपी टूअर ने अल्काराज के हवाले से कहा, मैं इस साल और ज्यादा की भूख लेकर आया था, जो 2025 में दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हार गए थे। मुझे लगता है कि हर टूर्नामेंट के बाद, हमें बस नए लक्ष्य तय करने होते हैं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर और कोर्ट के बाहर जो कुछ भी किया है, उससे बहुत खुश और गर्वित हूं।

# फिल्म 'भूत' के सेट पर विक्की कौशल से बहुत कुछ सीखा


**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री समारा तिजोरी ने विक्की कौशल की तारीफ की है। समारा तिजोरी हाल ही में रिलीज़ हुई मनोवैज्ञानिक क्राइम थ्रिलर फिल्म दलदल में नजर आईं, जिसे दुनियाभर में सराहा जा रहा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अभिनय में आने से पहले समारा ने फिल्म भूत पार्ट वन दि हॉन्टेड शिप में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया था, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में थे। हाल ही में उन्होंने फिल्म के सेट से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा बताया और कहा कि अभिनय सीखने का इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। समारा ने इसे अविश्वसनीय अनुभव बताते हुए कहा कि मैंने उस फिल्म में इसलिए काम किया, क्योंकि मैं एक्टिंग करना चाहती थी। मैं लंबे समय से विक्की का काम देख रही थी। उनके सामने रहकर सीखने का मौका सबसे बड़ा होता है। मैंने भूत के सेट पर उनसे बहुत कुछ सीखा। समारा ने बताया कि फिल्म के एक सीन के लिए जहाज के निचले हिस्से जैसा सेट बनाया गया था, जहां घुटनों तक पानी भरा हुआ था। उस पानी में पूरी टीम काम कर रही थी। पानी में डॉली, कैमरा, चप्पलें और रैपर सब थे। उसे असली जैसा दिखाने के लिए उसमें कॉफी और फूड कलर भी मिलाया गया था।



# फुटबॉल से संन्यास पर विचार कर रहे हैं नेमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार का करियर लगातार चोटों की वजह से प्रभावित रहा है और अब वह फुटबॉल से संन्यास लेने पर विचार कर रहे हैं। एक बातचीत के दौरान नेमार ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा और संभव है कि जब दिसंबर आए, तो वह रिटायरमेंट का फैसला कर लें। उन्होंने बताया, मैं अब साल दर साल जी रहा हूं। यह वर्ल्ड कप का साल है, इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है, ब्राजील के लिए और मेरे लिए भी।

34 साल के नेमार ने हाल ही में अपने बचपन के क्लब सैंटोस के साथ अनुबंध नवीनीकरण किया। जनवरी 2025 में सैंटोस लौटने के बाद उन्होंने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई और सीजन के आखिरी पांच मैचों में पांच गोल किए। हालांकि, घुटने की हालिया सर्जरी और बार-बार की



चोटों ने उनके करियर को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। नेमार अक्टूबर 2023 के बाद से राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेले हैं, जिससे 2026 वर्ल्ड कप में उनकी उपलब्धता पर सवाल खड़ा हो गया है।

ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए केवल पूरी तरह फिट खिलाड़ी ही टीम में शामिल किए जाएंगे। नेमार ने 18 साल की उम्र में 2010 में ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना शुरू किया था और दुनिया का अगला बड़ा सितारा माने गए। अपनी असाधारण प्रतिभा के बावजूद चोटों ने उनके करियर के कई अहम साल प्रभावित किए और कई जूनियर खिलाड़ी उनसे आगे निकल गए।

नेमार की भविष्य की अनिश्चितता और चोटों की वजह से उनके प्रशंसक और फुटबॉल विशेषज्ञ विश्व कप में उनके प्रदर्शन को लेकर चिंतित हैं। ब्राजील की टीम और नेमार खुद इस समय इस साल के लिए अपने स्वास्थ्य और फिटनेस पर पूरा ध्यान दे रहे हैं, ताकि निर्णायक टूर्नामेंट में पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतर सकें।

# फिल्म 'केनेडी' की रिलीज की तैयारियों में व्यस्त हैं अनुराग कश्यप



**मुंबई(एजेंसी)** • फिल्ममेकर अनुराग कश्यप अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केनेडी' की रिलीज की तैयारियों में व्यस्त हैं, जिसका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। इसी बीच अनुराग ने अपने करियर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया, जिसमें एक ऐसे एक्टर का नाम शामिल है जिसने एक साधारण 'चलने वाले' सीन के लिए इतने रीटेक लिए कि निर्देशक का गुस्सा फूट पड़ा। एक इंटरव्यू में अनुराग कश्यप से पूछा गया कि क्या कभी शूटिंग के दौरान उन्हें किसी एक्टर के साथ फंसा हुआ महसूस हुआ है। इस पर उन्होंने बिना संकोच कहा 'हां, बिल्कुल।' इसके बाद उन्होंने उस वाकये के बारे में खुलकर बताया। अनुराग के मुताबिक, एक बार एक एक्टर बार-बार सीधे चलने वाले एक सामान्य सीन को बिगाड़ रहा था। सीन में उसे बस एक तंग जगह के पीछे से निकलना था, लेकिन उसका हाथ-पैर इतना असंतुलित था कि हर बार कुछ न कुछ गिरा देता। कभी उसके हाथ से बोतल गिर जाती, तो कभी शरीर का बैलेंस बिगड़ जाता। कई टेक लेने के बाद भी वह सीन सही नहीं हो पा रहा था।

## उज्जैन संभाग

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 23-24 फरवरी को राष्ट्रीय संगोष्ठी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला 23 और 24 फरवरी को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रही है। यह संगोष्ठी घुमंतू एवं विमुक्त समुदायों की परंपरा, साहित्य-संस्कृति और भक्तिकालीन साहित्य पर केंद्रित होगी। इसमें देशभर से विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल होंगे। यह दो दिवसीय आयोजन पीएम उषा योजना के तहत हो रहा है। एमपी कॉन, भोपाल इस संगोष्ठी में सहयोग कर रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्वान हिस्सा लेंगे। विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा और मुख्य समन्वयक प्रोफेसर जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि




संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के वाग्देवी भवन स्थित राष्ट्रभाषा सभागार में होगा। यह प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी।

### दो दिन तक इन विषयों पर होगी चर्चा

संगोष्ठी के पहले दिन, 23 फरवरी को 'विमुक्त एवं घुमंतू समुदायों की परंपराओं में लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयाम' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में इन समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और साहित्यिक योगदान पर गहन चर्चा होगी। समापन दिवस, 24 फरवरी को 'भक्तिकालीन साहित्य: विविध धाराओं का वैशिष्ट्य और युगीन प्रासंगिकता' विषय पर विचार-विमर्श होगा। इसमें भक्तिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं, उनके सामाजिक प्रभाव और वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की जाएगी।

# पुलिस ने त्योहारों से पहले की बलवा ड्रिल, भीड़ नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई का अभ्यास किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • पुलिस ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक विशेष बलवा ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को सुदृढ़ करना था। इस ड्रिल का मुख्य मकसद पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने, समन्वित कार्रवाई करने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तैयार करना था। यह सुनिश्चित किया गया कि पुलिसकर्मी किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में सक्षम हों।

अभ्यास के दौरान पुलिस जवानों को हथियारों के उपयोग से पहले उनकी दिशा, सीमा और लक्ष्य की सही पहचान करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें यह भी सिखाया गया कि फायरिंग की स्थिति में गोलियों की संख्या और प्रकार का निर्णय परिस्थितियों के अनुसार कैसे लिया जाए।

ड्रिल में यह भी शामिल था कि



किसी भी कार्रवाई से पहले भीड़ को स्पष्ट चेतावनी दी जाए और उन्हें कानून का उल्लंघन न करने तथा शांति बनाए रखने के लिए समझाया जाए। पत्थरबाजी जैसी स्थितियों से संयम और रणनीति के साथ निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया का भी अभ्यास किया गया। आपातकालीन सेवा 112 के माध्यम से घायलों को तुरंत अस्पताल भेजने की व्यवस्था का पूर्वाभ्यास कराया गया, ताकि वास्तविक घटना में किसी भी प्रकार की देरी से बचा जा सके।

अभ्यास के दौरान नारेबाजी और भीड़ के उग्र रूप की काल्पनिक स्थितियां बनाई गईं। इससे पुलिस बल को मौके पर त्वरित निर्णय लेने और विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय बनाए रखने का अवसर मिला। उज्जैन पुलिस ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि वह आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिस प्रशासन आगामी त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# परिवहन नीति के विरोध में आज बनेगी रणनीति, 7 दिन में मांगें नहीं मानी तो थमेंगे बसों के चक्के

**दैनिक इंदौर संकेत**


**उज्जैन** • उज्जैन सहित प्रदेश के कुछ जिलों में शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन (जन बस) सेवा की शुरुआत करने की तैयारी के बीच इसे लेकर विरोध की प्लानिंग भी होने जा रही है। उज्जैन के करीब 50 बस ऑपरेटर सहित प्रदेशभर के ऑपरेटर्स रविवार को सागर में जुटेंगे। यहां बस संचालन की नीति के विरोध की रणनीति बनाएंगे।

शासन द्वारा मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा, जिसे जन बस सेवा भी कहा जा रहा है, कि संभवत: अप्रैल 2026 से शुरुआत करने की तैयारी की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि इस सेवा के माध्यम से प्रदेश में करीब 21 वर्षों के बाद फिर से सरकारी नियंत्रण वाली बसों का संचालन शुरू होगा। यात्रियों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

इधर, परिवहन की इस नीति का विरोध मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन करने जा रहा है। महामंत्री जयकुमार जैन ने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रदेशभर की सभी बस संचालकों के परमिट निरस्त कर कंपनी के नाम से बसों का संचालन करवाया जाए। इससे बस ऑपरेटरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे। इन्हीं सभी बातों को लेकर रविवार को सागर में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर जुटने जा रहे हैं।

बैठक में हम तय करेंगे कि सरकार अपनी नीति को वापस लें और अभी जिस तरह से बसों का संचालन हो रहा है, उसे होने दें। यदि ये मांग सात दिन में नहीं मानी जाती है तो प्रदेशभर में हड़ताल करेंगे। बसों के चक्के थमेंगे। प्रदेशभर में 8 हजार ऑपरेटरों की 28,500 बसों का संचालन होता है। इनमें एक लाख से अधिक चालक-परिचालक सहित अन्य स्टाफ को रोजगार मिला हुआ है।

# 32 कैंचियों से एक साथ हेयरकट कर बनाए 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • आदित्य देवड़ा ने एक साथ 28 से 32 कैंचियों से हेयरकट करने की अनोखी तकनीक से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उनका नाम इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और लंदन की वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि के बाद आदित्य को देश और विदेश में पहचान मिली है। आदित्य ने सोशल मीडिया से यह तकनीक सीखी और पांच साल के अभ्यास के बाद रिकॉर्ड बनाया। वह उज्जैन के अलखधाम नगर के रहने वाले हैं।

आदित्य ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर चीन के एक हेयर स्टाइलिस्ट का वीडियो देखा था, जो एक साथ कई कैंचियों से हेयरकट कर रहा था। इससे प्रेरित होकर उन्होंने भी इस तकनीक को सीखने का फैसला लिया। लगातार अभ्यास और प्रयोग के बाद उन्होंने इसमें महारत हासिल की।

### 2022 से शुरू हुआ रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला

सोशल मीडिया पर मिले एक चैलेंज के बाद आदित्य ने 28 कैंचियों से हेयरकट कर कीर्तिमान बनाया। 2022 में उनका नाम इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। 2024 में उन्होंने 30 और फिर 32 कैंचियों से हेयरकट कर नया रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद लंदन की वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी उनका नाम शामिल हुआ। कजाखस्तान में आयोजित एशियाई ग्लोबल चैंपियनशिप 2024 में आदित्य ने तीसरा स्थान मिला। 2025 में लंदन में आयोजित वर्ल्ड कप में उन्होंने 150 देशों के प्रतिभागियों के बीच भाग लिया।

आदित्य बताते हैं, पहले एक कैंची से हेयरकट करने में 15 से 20 मिनट लगते थे और 70 रुपए लगते थे। अब वह 32 कैंचियों से 4 से 5 मिनट में हेयरकट कर रहे हैं और 450 रुपए तक पेमेंट ले रहे हैं। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और बिहार सहित कई राज्यों से लोग उनके पास हेयरकट कराने पहुंच रहे हैं।

# भाजपा से हम ना डरें हैं ना हम डिगे हैं ना बिकें हैं भाजपा से करेंगे राजीव जी के सिपाही मुकाबला - यादव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है की भाजपा से हम ना डरें हैं ना हम डिगे हैं ना बिकें हैं भाजपा से करेंगे राजीव जी के सिपाही मुकाबला करेंगे भाजपा की चुनाव में विदाई के नारे के साथ कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर एवं संगठन की मजबूती के साथ ही भाजपा से मुकाबला करने के लिए एवं आगामी होने वाले सभी चुनाव की तैयारी को लेकर मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा इंदौर शहर के 85 वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई है साथ ही जिम्मेदारी दी गई है की वार्ड स्तर पर जाकर कांग्रेस मानसिकता वाले मतदाता एवं नए लोगों के साथ ही पुराने कांग्रेस जनों को जोड़ने हेतू वार्ड स्तर पर जाकर विधानसभा ब्लॉक वार्ड अध्यक्षों के साथ ही शहर पदाधिकारी बनाने हेतू नए लोगों को जोड़ने के साथ ही पुराने कांग्रेस जनों की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है ऐसे लोगों की भी खोज की जायेगी जो कांग्रेस में रहते हुए किसी पद पर नहीं रहे हो हुए हैं और जो किसी पद पर कांग्रेसी होते हुए भी किसी पद पर नहीं है उन्हें सभी को पदाधिकारी बनाए जाएगा साथ ही आम जनता की समस्याओं को एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है जो की कांग्रेस पार्टी एवं शहर कांग्रेस की मजबूती के एवं सहयोग के लिए ये पदाधिकारी बनाए जाएंगे। यादव ने बताया है की उक्त नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के समस्त पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने हेतू अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

85 वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति निम्न अनुसार है 1 सुनील सिंह अवधिया 2 संजय शुक्ला 3 विनोद वर्मा 4 नीतिश भारद्वाज 5 दिनेश तंवर 6 यशपाल गहलोत 7 गोपाल जगताप 8 एहतेशाम अली 9 राविकांत सैनी 10 विभाष शर्मा 11 विकास जोशी 12 गोविंद शर्मा 13 कालु रत्नाकर 14 महमूद पठान 15 दीपू पवार 16 सुधीर जैन 17 कमलेश पाटेरिया 18 ओम प्रकाश लाहोरी 19 ओम प्रकाश आर्य 20 सफदर नकवी 21 पप्पू यादव 22 दीपक छाबड़ा 23 दीपक वानखेड़े 24 श्याम यादव 25 शकील ठेकेदार 26 राकेश साहू 27 अरशद खान 28 यतिन वर्मा 29 कालु जयसवाल 30 मजहर हुसैन सेठ जी वाला 31 शहज़ाद हुसैन 32 अशोक चौधरी 33 राजू शर्मा 34 कमलेश पाठक 35 मुरलीधर 36 मुकेश महेश्वरी 37 राजेश सोलंकी 38 उस्मान गनी मुल्तानी 39 अलीम शेख 40 शेख सलीम 41 सिराज खन 42 पियूष भीटे 43 राकेश शास्त्री 44 गोलू सिसरवाकर 45 धर्मेंद्र कटारिया 46 ओम प्रकाश बेडवाल 47 भुपेंद्र केतके 48 विनोद जगताप 49 कमल बघेल 50 राजेश जोशी 51 राजू पाल 52 पी के उपाध्याय 53 आलम गीर मंसुरी 54 राजीव शर्मा 55 आकिब खान 56 महेंद्र सिंह यादव 57 नरेश राय 58 चंदन सोनकिया 69 रविंद्र विश्वाकर्म 60 संजय यादव 61 लोकेश सोलंकी 62 बन्टी बदलानी 63 युसूफ राजा 64 नितिन वर्मा 65 अहमद अहूजा 66 राधेश्याम चौहान 67 मनोहर तोमर 68 बिनु यादव 69 विनोद कौशल 70 लवेश यादव 71 निहार विष्णु यादव 72 अंकुश सिंह राठौर 73 संतोष सोनाने 74 अश्विन जोशी 75 मुकेश चौहान 76 राहुल तायड़े 77 लतीफ शाह 78 अमजद पटेल 79 संजय बराड़िया 80 कैलाश देपाले 81 बिट्ठल राव 82 दिलीप पांचाल 83 नरेंद्र यादव 84 विजेंद्र सिरसिया 85 सुधीर पांचाल आदि को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंटरव्यू हुए, जल्द होगी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दो दिन तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साक्षात्कार आयोजित किए गए। इन साक्षात्कारों में प्रदेश भर से लगभग ढाई सौ से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और अपने-अपने जिलों के प्रतिनिधित्व के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। साक्षात्कार प्रक्रिया में अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि और उप्र के पूर्व विधायक और एससी विभाग के प्रदेश प्रभारी भगवती प्रसाद चौधरी विशेष रूप से शामिल रहे। पैनल ने सभी अभ्यर्थियों से संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक कार्य, दलित समाज के मुद्दों पर कार्य और पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता से जुड़े प्रश्न पूछे। अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जल्द ही पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी से विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके बाद अजा विभाग के के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम की अनुशंसा के आधार पर प्रदेश के सभी जिलों में अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर दलित समाज की आवाज़ को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से की जा रही है।

### इंदौर स्पेशल ट्रेन चलेगी 23 फर. से 28 मार्च तक



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हजरत निजामुद्दीन इंदौर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को हजरत निजामुद्दीन से प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के नागदा, उ% जैन, देवास होते हुये उसी दिन 21-00 बजे इंदौर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 फरवरी, 2026 से 28 मार्च, 2026 तक चलेगी। इंदौर स्पेशल ट्रेन के समय में संशोधन-ट्रेन संख्या 09310 हजरत निजामुद्दीन - इंदौर स्पेशल में संशोधन, ट्रेन संख्या 09310 हजरत निजामुद्दीन इंदौर स्पेशल प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को हजरत निजामुद्दीन से 8-20 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के नागदा 18.10/18.35, उज्जैन देवास (19.20/19.25), (20.05/20.07), होते हुये उसी दिन 21-00 बजे इंदौर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 फरवरी, 2026 से 28 मार्च, 2026 तक चलेगी। लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन मार्च में शुरू होने की संभावना कमः रेलवे अधिकारियों ने जनवरी तक निर्माण पूरा करने की बात कही थी, लेकिन फरवरी बीतने को है और साइट पर अभी काम चल रहा है। प्लेटफॉर्म का निर्माण अधूरा है, ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो पाई है। ऐसे में मार्च में स्टेशन शुरू होने की संभावना कम नजर आ रही है। यह स्टेशन रेलवे की अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। हाल ही में अधिकारियों ने दावा किया था कि जनवरी में काम पूरा कर फरवरी से टेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। निर्माण स्थल पर कई हिस्सों में मिट्टी भराई और समतलीकरण का काम जारी है।

### मंत्री सिलावट ने किया भागवत कथा का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर विधानसभा क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप पुलिस चौकी के सामने इन्दौर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। बुंदेलखण्ड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दासजी महाराज का स्वागत कर कहा कि जहां धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम हो, वहां सनातन और संस्कृति का विस्तार होता है, यह कथा हमारी संस्कृति की प्रेरक रही है। हम सनातन विचारधारा के लोग है, जिसके कारण हमें आध्यात्मिक ऊर्जा और शक्ति मिलती और भक्ति भाव से राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और जनसेवा से सामाजिक क्षेत्रों का विकास करते है। मंत्री सिलावट ने बताया कि कथा व्यास बुंदेलखण्ड पीठाधीश्वर महंत श्री सीताराम दासजी महाराज के मुखारबिन्द से श्रीमद् भागवत कथा में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम सिंगापुर टाउनशिप पुलिस चौकी के सामने इन्दौर में देखने को मिलेगा।

# 1200 करोड़ राजस्व एकत्र करने के लिए खत्म करें आपसी मतभेद

## राजस्व समिति प्रभारी ने शुरू की मध्यस्थता सुबह 7 बजे मैदान संभालेगा राजस्व अमला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम का राजस्व अमला बीते तीन माह से एआरओ और अपर आयुक्त के बीच चल रही आपसी खींचतान के कारण चर्चा में है। इस विवाद से निगम के राजस्व पर विपरीत असर पड़ रहा है, क्योंकि राजस्व विभाग के मुखिया के खिलाफ सहायक राजस्व अधिकारियों ने मोर्चा खोल रखा है। अब राजस्व वसूली के लिए केवल एक माह शेष बचा है। ऐसी स्थिति में आपसी समन्वय कायम करने के लिए निगम आयुक्त क्षितिज सिघल और राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिह चौहान ने पहल शुरू कर दी है।

एक माह में लक्ष्य हासिल करना नगर निगम को सालाना 1200 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्रित करना है, लेकिन आपसी विवाद के चलते लक्ष्य हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। राजस्व समिति प्रभारी ने इसमें मध्यस्थता करते हुए अपने कार्यालय में अपर आयुक्त को बुलाया और सभी एआरओ की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के मुखिया होने के



नाते अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव को सहायक राजस्व अधिकारियों की समस्याएं सुलझानी चाहिए और उन्हें गंभीरता से लेना चाहिए।

### एआरओ को समझाइश

सहायक राजस्व अधिकारियों को समझाइश देते हुए कहा गया कि विभाग प्रमुख के निर्देशों का पालन करना उनका प्रथम कर्तव्य है। यदि कोई समस्या हो तो इधर-उधर बताने के बजाय सीधे विभाग प्रमुख को अवगत कराया जाए। राजस्व समिति प्रभारी निरंजनसिह ने एआरओ से कहा कि फिलहाल काम पर ध्यान दिया जाए, क्योंकि राजस्व एकत्रीकरण के लिए केवल एक माह का समय शेष है। समस्याएं बाद में बैठकर भी सुलझाई जा सकती हैं। वर्तमान में संपत्तिकर और जलकर की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कम है। मार्च माह में लगभग 500 से 600 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया है, तभी सालाना लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

### सुबह 7 से 9 बजे तक रोज बैठक

दूसरी ओर नगर निगम आयुक्त ने सहायक राजस्व अधिकारियों पर सख्ती करते हुए प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में इस संबंध में आदेश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन दो घंटों की बैठक में सभी एआरओ अपने-अपने लक्ष्य प्रस्तुत करेंगे और अगले दिन उसकी समीक्षा होगी। वसूली में जहां बाधाएं आएंगी, वहां वरिष्ठ अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे। इसके अलावा 85 वार्डों के पार्षद, विधायक और महापौर का सहयोग भी लिया जाएगा।

### नए विकसित क्षेत्रों पर

फोकस लक्ष्य पूरा करने के लिए शहर के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में वसूली पर विशेष फोकस किया जा रहा है। यहां नए मकान, दुकान और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तेजी से बढ़ रहे हैं। नगर निगम सीमा से सटे क्षेत्रों के सहायक राजस्व अधिकारियों को ऐसी संपत्तियों के खातों की जांच करने और नए खाते खोलने के निर्देश दिए गए हैं। निगम आयुक्त का कहना है कि यदि इन नई प्रॉपर्टियों पर प्रभावी फोकस किया गया तो मार्च तक 1200 करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# बीजेपी-कांग्रेस पथराव में घायल दो विरोधी नेता अस्पताल में मिले





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में शनिवार 21 फरवरी को कांग्रेस दफ्तर गांधी भवन के बाहर जमकर बवाल हुआ था। इस बवाल के बाद एक सुकून देने वाली फोटो सामने आई है। यह फोटो घटना में घायल कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े और बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष बिंदु चौहान की है। फिलहाल दोनों एक ही अस्पताल केयर सीएचएल में भर्ती है।

शनिवार के बवाल में जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े को सिर पर पत्थर लगा था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं बिंदु चौहान को भी चेहरे पर पत्थर लगा था जिससे वो लहूलुहान हो गई थी। दोनों अस्पताल में भर्ती थे। रविवार, 22 फरवरी की सुबह वानखेड़े अपने कक्ष 405 से बिंदु चौहान के कक्ष 320 में मिलने के लिए गए थे और उनका हालचाल पूछा था।

दोनों के बीच विवाद को लेकर बात हुई थी। वानखेड़े ने कहा कि ऐसा नहीं होना था। इंदौर की अपनी छवि और संस्कार है यह गलत हुआ है। इस पर बिंदु ने भी कहा कि हां यह नहीं होना चाहिए था। विचारों का विरोध अलग बात है लेकिन पथराव जैसे विवाद नहीं होना चाहिए थे। दोनों ने ही कहा कि यह गलत हुआ है। वहीं विपिन ने इस मुलाकात पर फोटो और मैसेज डाला है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इंदौर बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष बिंदु स्हिं चौहान से आत्मीय भेंट कर स्वास्थ्य का हाल जाना। यह हमारी पार्टी के संस्कार है और इंदौर की संस्कृति है। सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला व अन्य कई बीजेपी नेता भी बिंदु सिंह चौहान से मुलाकात के लिए पहुंचे थे।

# बड़ी राहत : एमवायएच में अब मोटापे की सर्जरी मुफ्त होगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मोटापे से जूझ रहे मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी है। शहर के प्रमुख शासकीय अस्पताल एमवायएच में अब बेरियाट्रिक सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी। यह सुविधा 23 फरवरी से शुरू हो रही है, जिसके तहत मोटापे के मरीजों के लिए विशेष ओपीडी संचालित की जाएगी। इस मौके पर नए ओपीडी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कमिश्नर सुदाम पी खाड़े और विशेष अतिथि के रूप में कलेक्टर शिवम वर्मा शामिल होंगे।

**आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह मुफ्त**-अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, इस विशेष ओपीडी में विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित रूप से मरीजों की जांच करेंगे और जरूरत के अनुसार सर्जरी की सलाह देंगे। अधिक वजन के साथ डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी। अस्पताल प्रशासन बताया कि पात्र मरीजों की बेरियाट्रिक सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क की जाएगी। जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें भी सरकारी रियायती दरों पर ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। ने 5-6 लाख तक खर्च-विशेषज्ञों के मुताबिक, निजी अस्पतालों में इसी प्रकार की सर्जरी पर 5 से 6 लाख रुपए तक खर्च आता है। ऐसे में शासकीय अस्पताल में यह सुविधा मुफ्त उपलब्ध होने से मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉक्टरों का कहना है कि बेरियाट्रिक सर्जरी न केवल वजन घटाने में सहायक होती है, बल्कि मोटापे से जुड़ी कई जटिल बीमारियों को नियंत्रित करने में भी प्रभावी साबित होती है।

# धोखाधड़ी केस : बिस्किट कंपनी के डायरेक्टर का रिमांड और बढ़ गया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बिस्किट निर्माण कंपनी में कथित धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार आरोपी डायरेक्टर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस के निवेदन पर कोर्ट ने आरोपी की रिमांड अवधि को तीन दिन और बढ़ा दिया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, अन्य लोगों के नामों का खुलासा भी होने की उम्मीद है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक जीआरवी बिस्किट प्रालि में शेयर होल्डर दिनेश मनवानी ने कंपनी के डायरेक्टर संजय कलवानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया था। शिकायत के अनुसार जीआरवी बिस्किट प्रालि कंपनी में कुल 6 **सदस्य** ; 2 डायरेक्टर एवं 4 शेयर होल्डर हैं और सभी महत्वपूर्ण निर्णय सामूहिक सहमति से लिए जाते हैं। फरियादी पक्ष के अधिवक्ता एडवोकेट धनेश कुमार मिश्रा के मुताबिक आरोपी संजय कलवानी ने बोर्ड की सहमति एवं अन्य सदस्यों को सूचना दिए बिना कंपनी के जारी अधिकृत बोर्ड रिजोल्यूशन का कथित दुरुपयोग किया। आरोप है कि कंपनी द्वारा शेयर होल्डर गौरव अहलावत के विरुद्ध जिला न्यायालय इंदौर में दायर परिवाद को आरोपी ने कथित रूप से सांठगांठ कर एक तरफा वापस ले लिया, जिससे कंपनी को आर्थिक हानि और प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा। मामले में पुलिस ने आरोपी डायरेक्टर की गिरफ्तारी कर न्यायाधीश सौरभ गोस्वामी की अदालत में पेश किया था। कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा था। इस दौरान कई बिन्दुओं पर पूछताछ की गई। पुलिस की विस्तृत पूछताछ और आरोपी के कथनों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ा दी है। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि मामले में दो से तीन अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी आशंका है तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे और लोगों को भी जांच के दायरे में लिया जाएगा।

# 2029 के चुनाव में नया परिसीमन, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण- डॉ. मोहन यादव

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सीएम डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के महू में 100 करोड़ की लागत के विकास कामों के लोकार्पण व भूमिजन किया। इस दौरान वह कांग्रेस पर भी बरसे और साथ ही नए परिसीमन की बात भी कही।

**महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण :** सीएम यादव ने कहा कि महू विधानसभा क्षेत्र में सभी तरफ महिलाएं हैं। सांसद व केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर है, विधायक उषा ठाकुर है, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार है और जिला अध्यक्ष रीना मालवीय है। आने वाला समय बहनों का है। साल 2029 चुनाव तक नया परिसीमन और महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलने वाला है। सभी बहनों को बधाई।

**कांग्रेसी मोटी चमड़ी वाले :** सीएम ने कहा कि कांग्रेसियों से कहना है आपका मन कितना छोटा है। कभी आपने बहनों को उनका हक नहीं दिया और ना ही सम्मान का भाव रखा। हमने लाड़ली बहना 1000 रुपए प्रति माह की किश्त से शुरू की और 1500 तक पहुंच गई। मोटी चमड़ी के कांग्रेसी कहते हैं पैसे मत दो बहनें दारू पी जाती है। बहनों समय आने दो ब्याज



सहित चुनाव में हिसाब करना।

कांग्रेसियों को शर्म आना चाहिए 55 साल के राज में भी स्कूल की सरकारी बिल्डिंग नहीं बना सके, टाटपट्टी पर बैठते थे। अब सांदीपनी स्कूल बन रहे हैं। सीएम ने बताया कि आज 100 करोड़ से अधिक लागत के विकास कामों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। कार्यक्रम मंत्री तुलसीराम सिलावट, जिलाध्यक्ष श्रवण चावड़ा व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**सीएम बोले- मप्र आगे बढ़ रहा है :** सीएम ने इंदौर पहुंचने पर कहा कि सरकार विकास काम में लगातार लगी हुई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, साथ ही मप्र भी विकास कर रहा है। हर सेक्टर में सरकार काम कर रही है। तकनीक का भी उपयोग हो रहा है और पर्यटन पर भी जोर है। धार्मिक पर्यटन में महाकाल लोक के विकास से उज्जैन सबसे बड़ा केंद्र बना है। ऐसे अलग-अलग 13 लोक पर काम चल रहा है। एआई में भी काम हो रहा है। उज्जैन महाकाल लोक में फाइबर मूर्तियां हटाकर मेटल व स्टोन की लग रही है। सीएम इसके पहले सीएचएल अस्पताल भी गए, जहां उन्होंने शनिवार को हुए पथराव में घायल मंडल उपाध्यक्ष बिंदु चौहान से मुलाकात की।

### उद्योगपतियों से बोले सीएम खुद की जमीन पर डालो इंडस्ट्री

पीथमपुर औद्योगिक संगठन के सीए भवन में हुए बुक विमोचन कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादवशामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी द्वारा पीथमपुर की 40 साल की औद्योगिक यात्रा पर लिखी बुक का विमोचन हुआ। डॉ. कोठारी ने इस यात्रा की चुनौतियों से विकास तक के सफर को शून्य से शिखर बुक में लिखा है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीथमपुर में हर सेक्टर की इंडस्ट्री है। ट्रेड डील हमे प्रोत्साहित दे रही है। हमारे हितों के संरक्षण का काम पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। इंदौर तो आगे है ही हमारी कोशिश है कि हर जगह को इंदौर बना दें। सीएम ने कहा कि लीज की जमीन के चक्कर में नहीं रहो, खुद की जमीन/प्लाट पर इंडस्ट्री लगाओ। क्योंकि जमीन की कीमत बढ़ती रहती है, जब तक इंडस्ट्री चली ठीक है नहीं चली तो जमीन बेचने के बाद भी लाभ में रहेंगे। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी व अन्य उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।